(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

95. विजयनगर साम्राज्य में कुदिरई चेट्टी कौन थे?

(a) मसालों के व्यापारी
(b) अनाज के व्यापारी
(c) घोड़ों के व्यापारी
(d) स्थानीय अधिकारी

96. विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय का संबंध किस वंश से था?

(a) सुलुव वंश
(b) तुलुव वंश
(c) संगम वंश
(d) अरविडू वंश

97. कृष्णदेव राय के शासनकाल में घटी निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए–

1. रायचूर दोआब पर अधिकार
2. बीजापुर के सुल्तान को पराजित किया
3. उड़ीसा के शासकों का दमन

कूट:

(a) 1 – 2 – 3
(b) 1 – 3 – 2
(c) 3 – 2 – 1
(d) 2 – 3 – 1

98. अमर–नायक प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. इस प्रणाली के कई तत्व दिल्ली सल्तनत की इक्ता प्रणाली से लिए गए थे।
2. अमर–नायक सैनिक कमांडर थे, जिन्हें राय द्वारा प्रशासन के लिए राज्य–क्षेत्र दिये जाते थे।

उपर्युक्त कथनों में कौन–सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

https://t.me/pcsstudies1

99. Which of the following travelers visited the city of Vijayanagara in the fifteenth century?

1. Niccolo da Conti
2. Afanasy Nikitin
3. Domingo Pais

Code:

(a) 1 and 2
(b) 2 and 3
(c) 1 and 3
(d) 1, 2 and 3

100. What does the term Muzarian mentioned in the Indo-Persian sources of the Mughal period refer to?

(a) Military Officer
(b) Spy
(c) Foreign businessman
(d) Farmer

101. Which Mughal emperor banned the use of tobacco?

(a) Jahangir
(b) Akbar
(c) Babar
(d) Humayun

102. Which crops were considered under Jins-i-Kamil in medieval India?

1. Cotton
2. Sugarcane
3. Oilseeds

Code:

(a) 1 and 2
(b) 2 and 3
(c) 1 and 3
(d) 1, 2 and 3

103. Who was Mandal in medieval India?

(a) Head of Panchayat
(b) Patwari of Panchayat
(c) Shik's military officer
(d) Shik's Revenue Officer

99. निम्नलिखित में से किन यात्रियों ने पंद्रहवीं शताब्दी में विजयनगर शहर की यात्रा की?

1. निकोलो द कोंटी
2. अफ़ानासी निकितिन
3. डोमिंगो पायस

कूटः

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

100. मुगल काल के भारतीय–फ़ारसी स्रोतों में वर्णित मुजरियान शब्द किसे संदर्भित करता है?

(a) सैनिक अधिकारी
(b) गुप्तचर
(c) विदेशी व्यापारी
(d) किसान

101. किस मुग़ल बादशाह ने तम्बाकू के उपयोग पर पाबंदी लगा दी थी?

(a) जहाँगीर
(b) अकबर
(c) बाबर
(d) हुमायूं

102. मध्यकालीन भारत में कौन–सी फ़सलें जिन्स–ए–कामिल के अंतर्गत मानी जाती थी?

1. कपास
2. गन्ना
3. तिलहन

कूटः

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

103. मध्यकालीन भारत में मंडल कौन था?

(a) पंचायत का मुखिया
(b) पंचायत का पटवारी
(c) शिक का सैनिक अधिकारी
(d) शिक का राजस्व अधिकारी

104. Consider the following statements regarding the status of women in medieval India:

1. Among the landed gentry, women did not get the right to ancestral property.
2. Muslim women inherited land.

Which of the above statements is/are not correct?

(a) Only 1
(b) Only 2
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1, nor 2

105. Ownership in medieval India was-

(a) State land
(b) Public land
(c) Personal land of the landlord
(d) Forest land

106. Consider the following statements regarding the arrangement of Mughal land revenue:

1. In the arrangement of land revenue, 'Hasil' was the fixed amount and 'Jaama' was the actual amount collected.
2. Akbar ordered the nobles to try to get payment in cash.

Which of the above statements is/are correct?

(a) Only 1
(b) Only 2
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1, nor 2

107. Who was awarded the title of 'Zareen Kalam' in Akbar's court?

(a) Muhammad Hussain
(b) Qasim Ali
(c) Abul Fazal
(d) Faizi

108. By whom was Chandni Chowk, the heart of Shahjahanabad, designed?

(a) Mir Qutub
(b) Jai Singh
(c) Jahanara
(d) Mir Baksh

104. मध्यकालीन भारत में महिलाओं की स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. भूमिहर भद्रजनों में महिलाओं को पुश्तैनी संपत्ति का हक़ नहीं मिलता था।
2. मुसलमान महिलाओं को जमींदारी उत्तराधिकार में मिलती थी।

उपर्युक्त कथनों में कौन–सा/से सही नहीं है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

105. मध्यकालीन भारत में मिल्कियत थी–

(a) राज्य की भूमि
(b) सार्वजनिक भूमि
(c) जमींदार की व्यक्तिगत जमीन
(d) जंगल भूमि

106. मुग़ल भू–राजस्व के इंतजामात के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. भू–राजस्व के इंतजामात में 'हासिल' निर्धारित रक़म थी और 'जमा' वास्तविक वसूली गई रक़म।
2. अकबर ने अमील–गुजारों को यह हुक्म दिया कि उसे नक़द भुगतान प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में कौन–सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

107. अकबर के दरबार में किसे 'जरीन कलम' के खिताब से नवाजा गया था?

(a) मुहम्मद हुसैन
(b) कासिम अली
(c) अबुल फ़जल
(d) फैजी

108. शाहजहाँनाबाद के हृदय स्थल चाँदनी चौक की रूपरेखा किसके द्वारा बनाई गई थी?

(a) मीर कुतुब
(b) जय सिंह
(c) जहाँआरा
(d) मीर बख्श

109. Which Sultan formed Turk-e-Chahalgani?

(a) Balban
(b) Iltutmish
(c) Aramshah
(d) Razia

110. Which Sultan of the Delhi Sultanate was the one who first issued pure Arabic coins 'Tanka and 'Jital'?

(a) Qutubuddin Aibak
(b) Iltutmish
(c) Mohammad Tughlaq
(d) Balban

111. Which of the following Rajput kings defeated Muhammad Ghori for the first time?

(a) Jaichand
(b) Bhima II
(c) Prithviraj III
(d) Prithviraj II

112. Which Muslim ruler of Delhi first propounded the 'dignity of kingship' and said, 'The king is endowed with divine right'?

(a) Alauddin Khilji
(b) Balban
(c) Iltutmish
(d) Qutubuddin Aibak

113. Which Sultan of Delhi Sultanate first created a permanent army?

(a) Balban
(b) Iltutmish
(c) Muhammad Tughlaq
(d) Alauddin Khilji

114. The main external threat to the Delhi Sultanate was?

(a) Mughals
(b) Afghans
(c) Iranians
(d) None of these

115. Who was the last Sultan of the Bahmani kingdom?

(a) Kalimullah
(b) Kalimuddin
(c) Alauddin II
(d) Sikandar Shah

109. तुर्क–ए–चाहलगामी का गठन किस सुल्तान ने किया?

(a) बलबन
(b) इल्तुतमिश
(c) आरामशाह
(d) रजिया

110. दिल्ली सल्तनत का वह कौन–सा सुल्तान था, जिसने सर्वप्रथम शुद्ध अरबी सिक्के 'टंका और 'जीतल' को जारी करवाया?

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) इल्तुतमिश
(c) मोहम्मद तुगलक
(d) बलबन

111. निम्नलिखित में से किस राजपूत राजा ने मुहम्मद गोरी को पहली बार हराया था?

(a) जयचन्द
(b) भीम द्वितीय
(c) पृथ्वीराज तृतीय
(d) पृथ्वीराज द्वितीय

112. दिल्ली के किस मुस्लिम शासक ने पहली बार 'राजत्व की गरिमा' को प्रतिपादित करते हुए कहा कि, 'राजा दैवी अधिकार से संपन्न है'?

(a) अलाउद्दीन खिलजी
(b) बलबन
(c) इल्तुतमिश
(d) कुतुबुद्दीन ऐबक

113. दिल्ली सल्तनत के किस सुल्तान ने सर्वप्रथम स्थायी सेना का निर्माण किया?

(a) बलबन
(b) इल्तुतमिश
(c) मुहम्मद तुगलक
(d) अलाउद्दीन खिलजी

114. दिल्ली की सल्तनत को मुख्य बाहरी खतरा था?

(a) मुगलों से
(b) अफगानों से
(c) ईरानियों से
(a) इनमें से कोई नहीं

115. बहमनी राज्य के अंतिम सुल्तान कौन था?

(a) कलीमउल्लाह
(b) कलीमुद्दीन
(c) अलाउद्दीन द्वितीय
(d) सिकंदर शाह

116. By which Act did the Legislative Council members get the right to speak on the budget?

(a) Government of India Act 1919
(b) Indian Council Act, 1892
(c) Pitt's India Act
(d) Indian Council Act 1861

117. Arrange the following Gupta rulers according to their chronological order-

1. Chandragupta I
2. Samudragupta
3. Kumargupta
4. Skandagupta

Code:
(a) 1 – 2 – 3 – 4
(b) 2 – 1 – 4 – 3
(c) 2 – 3 – 1 – 4
(d) 1 – 2 – 4 – 3

118. From which inscription is the praise of Skandagupta's success at Mleccha obtained?

1. Junagadh inscription
2. Prayag Prasasti

Select the correct answer with the help of the code given below-
(a) Only 1
(b) Only 2
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1, nor 2

119. Who among the following first instituted the emancipation ritual during the Gupta period?

(a) Brihaspati
(b) Vishnugupta
(c) Panini
(d) Narada

120. Who was Bhatshwapati during the reign of Chandragupta II?

(a) Cavalry leader
(b) Highest officer of the army
(c) Chief Officer of Police Department
(d) Chief Justice

121. What was the official reason for the partition of Bengal?

(a) Promoting Hindu-Muslim division
(b) Weakening the national movement
(c) Administrative inconvenience
(d) None of these

116. किस अधिनियम द्वारा विधान परिषद सदस्यों को बजट पर बोलने का अधिकार प्राप्त हुआ?

(a) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(b) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892
(c) पिट्स का इंडिया एक्ट
(d) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

117. निम्नलिखित गुप्त शासकों को उनके कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए–

1. चन्द्रगुप्त प्रथम
2. समुद्रगुप्त
3. कुमारगुप्त
4. स्कन्दगुप्त

कूट:
(a) 1 – 2 – 3 – 4
(b) 2 – 1 – 4 – 3
(c) 2 – 3 – 1 – 4
(d) 1 – 2 – 4 – 3

118. मलेच्छों पर स्कन्दगुप्त की सफलता का गुणगान किस अभिलेख से प्राप्त होता है?

1. जूनागढ़ अभिलेख
2. प्रयाग प्रशस्ति

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

119. निम्नलिखित में से किसने गुप्तकाल में सर्वप्रथम दासमुक्ति अनुष्ठान का विधान किया?

(a) बृहस्पति
(b) विष्णुगुप्त
(c) पाणिनि
(d) नारद

120. चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासन काल में भटश्वापति कौन था?

(a) अश्वसेना का नायक
(b) सेना का सर्वोच्च अधिकारी
(c) पुलिस विभाग का प्रधान अधिकारी
(d) मुख्य न्यायाधीश

121. बंगाल विभाजन का आधिकारिक कारण क्या था?

(a) हिंदू–मुस्लिम विभाजन को बढ़ावा देना
(b) राष्ट्रीय आंदोलन को कमजोर करना
(c) प्रशासनिक असुविधा
(d) इनमें से कोई नहीं

GS World Committed to Excellence
https://t.me/pcsstudies1

122. The Hunter Commission formed in 1882-83 was related to?

(a) Primary education
(b) Administrative Reforms
(c) Military reforms
(d) Famine investigation

122. 1882–83 में गठित हंटर कमीशन का संबंध किससे था?

(a) प्राथमिक शिक्षा
(b) प्रशासनिक सुधार
(c) सैन्य सुधार
(d) अकाल की जाँच

123. In the Government of India Act 1919, the functions of the provincial government were divided into "reserved" and "transferred" subjects. Which of the following was considered a "reserved" subject?

1. Administration of Justice
2. Local self-government
3. Land Revenue
4. Police

Select the correct answer using the code given below:

(a) Only 1, 2 and 3
(b) Only 2, 3 and 4
(c) Only 1, 3 and 4
(d) Only 1, 2 and 4

123. भारत सरकार अधिनियम 1919 में प्रांतीय सरकार के कार्यों को "आरक्षित" और "स्थानांतरित" विषयों में विभाजित किया गया था। निम्नलिखित में से किसे "आरक्षित" विषय माना गया?

1. न्याय प्रशासन
2. स्थानीय स्वशासन
3. भू–राजस्व
4. पुलिस

नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 4

124. Consider the following freedom fighters:

1. Barindra Kumar Ghosh
2. Jogesh Chandra Chatterjee
3. Rash Behari Bose

Who among the above was/were actively associated with the Ghadar Party?

(a) Only 1 and 2
(b) Only 2
(c) Only 1 and 3
(d) Only 3

124. निम्नलिखित स्वतंत्रता सेनानियों पर विचार करें:

1. बरीन्द्र कुमार घोष
2. जोगेश चंद्र चटर्जी
3. रासबिहारी बोस

उपरोक्त में से कौन ग़दर पार्टी से सक्रिय रूप से जुड़ा था/थे?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3

125. Consider the following statements with reference to the Cripps Mission proposals:

1. The Constituent Assembly will have members nominated by the provincial assemblies as well as the princely states.
2. Any province not prepared to accept the new Constitution would have the right to sign a separate agreement with Britain regarding its future status.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) Only 1
(b) Only 2
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

125. क्रिप्स मिशन के प्रस्तावों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. संविधान सभा में प्रांतीय विधानसभाओं के साथ–साथ रियासतों द्वारा भी नामित सदस्य होंगे।
2. कोई भी प्रांत, जो नए संविधान को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, उसे अपनी भविष्य की स्थिति के संबंध में ब्रिटेन के साथ एक अलग समझौते पर हस्ताक्षर करने का अधिकार होगा।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

126. Consider the following statements:

1. The Montagu-Chelmsford Reforms of 1919 recommended granting the right to vote to all women over the age of 21.
2. The Government of India Act of 1935 gave women reserved seats in the legislature.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) Only 1
(b) Only 2
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

127. Which of the following statements is correct regarding 8 August 1942 in Indian history?

(a) The Quit India Resolution was adopted by the All India Congress Committee.
(b) The Viceroy's Executive Council was expanded to include more Indians.
(c) Congress cabinets in seven provinces resigned.
(d) De Cripps proposed an Indian federation with full Dominion status after the Second World War ended.

128. Which of the following was included in the Gandhi-Irwin Pact?

1. Invitation to Congress to participate in the Round Table Conference
2. Withdrawal of Ordinances promulgated in relation to Civil Disobedience Movement
3. Accepting Gandhiji's suggestion to investigate police excesses.
4. Release of only those prisoners who were not accused of violence

Select the correct answer using the code given below:

(a) Only 1
(b) Only 1, 2 and 4
(c) Only 3
(d) Only 2, 3 and 4

126. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. 1919 के मोंटागु–चेम्सफोर्ड सुधार ने 21 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार देने की सिफारिश की।
2. 1935 के भारत सरकार अधिनियम ने महिलाओं को विधायिका में आरक्षित सीटें दीं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) ना तो 1, ना ही 2

127. भारतीय इतिहास में 8 अगस्त 1942 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है?

(a) भारत छोड़ो प्रस्ताव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा अपनाया गया था।
(b) अधिक भारतीयों को शामिल करने के लिए वायसराय की कार्यकारी परिषद का विस्तार किया गया।
(c) सात प्रांतों में कांग्रेस मंत्रिमंडलों ने इस्तीफा दे दिया।
(d) द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद डी क्रिप्स ने पूर्ण डोमिनियन स्टेटस के साथ एक भारतीय संघ का प्रस्ताव रखा।

128. गांधी–इरविन समझौते में निम्नलिखित में से क्या शामिल था?

1. गोलमेज़ सम्मेलन में भाग लेने के लिए कांग्रेस को निमंत्रण
2. सविनय अवज्ञा आंदोलन के संबंध में प्रख्यापित अध्यादेशों को वापस लेना
3. पुलिस ज्यादतियों की जांच के लिए गांधीजी के सुझाव को स्वीकार करना
4. केवल उन कैदियों की रिहाई जिन पर हिंसा का आरोप नहीं था

नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

(a) केवल 1
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3
(d) केवल 2, 3 और 4

GS World Committed to Excellence
https://t.me/pcsstudies1

129. In the context of colonial India, Shah Nawaz Khan, Prem Kumar Sehgal and Gurbaksh Singh Dhillon are remembered

(a) As a leader of the Swadeshi and Boycott Movement
(b) As a member of the interim government in 1946
(c) As a member of the Drafting Committee in the Constituent Assembly
(d) As an officer of Azad Hind Fauj

130. With reference to British colonial rule in India, consider the following statements:

1. Mahatma Gandhi played an important role in ending the practice of indentured labour.
2. In Lord Chelmsford's War Conference, Mahatma Gandhi did not support the proposal of recruiting Indians for the World War.
3. As a result of the Indian people breaking the Salt Law, the Indian National Congress was declared illegal by the colonial rulers.

Which of the statements given above is correct?

(a) Only 1 and 2
(b) Only 1 and 3
(c) Only 2 and 3
(d) 1, 2 and 3

131. Consider the following statements regarding 'Charter Act of 1813':

1. It ended the trade monopoly of the East India Company in India except in the tea trade and trade with China.
2. It claimed the sovereignty of the British Crown over the Indian territories held by the Company.
3. The British Parliament now had control over India's revenue.

Which of the statements given above is correct?

(a) Only 1 and 2
(b) Only 2 and 3
(c) Only 1 and 3
(d) 1, 2 and 3

129. औपनिवेशिक भारत के संदर्भ में, शाह नवाज खान, प्रेम कुमार सहगल और गुरबख्श सिंह ढिल्लों को याद किया जाता है–

(a) स्वदेशी एवं बहिष्कार आंदोलन के नेता के रूप में
(b) 1946 में अंतरिम सरकार के सदस्य के रूप में
(c) संविधान सभा में प्रारूप समिति के सदस्य के रूप में
(d) आजाद हिंद फौज के अधिकारी के रूप में

130. भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. महात्मा गांधी ने गिरमिटिया मजदूरी की प्रथा को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
2. लॉर्ड चेम्सफोर्ड के युद्ध सम्मेलन में, महात्मा गांधी ने विश्व युद्ध के लिए भारतीयों की भर्ती के प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया।
3. भारतीय लोगों द्वारा नमक कानून तोड़ने के परिणामस्वरूप, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को औपनिवेशिक शासकों द्वारा अवैध घोषित कर दिया गया था।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–सा सही है?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

131. '1813 का चार्टर अधिनियम' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. इसने चाय के व्यापार और चीन के साथ व्यापार को छोड़कर भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापार एकाधिकार को समाप्त कर दिया।
2. इसने कंपनी के कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों पर ब्रिटिश क्राउन की संप्रभुता का दावा किया।
3. भारत के राजस्व पर अब ब्रिटिश संसद का नियंत्रण था।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–सा सही है?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

https://t.me/pcsstudies1

132. Consider the following pairs with reference to the Indian National Movement:

| | **Person** | **Position held** |
|---|---|---|
| 1. | Sir Tej Bahadur Sapru | President, All India Liberal Federation |
| 2. | KC Niyogi | Member, Constituent Assembly |
| 3. | PC Joshi | General Secretary, Communist Party of India |

Which of the pairs given above is/are correctly matched?

(a) Only 1
(b) Only 1 and 2
(c) Only 3
(d) 1, 2 and 3

133. Consider the following pairs:

| | **Movement/ Organization** | **Leader** |
|---|---|---|
| 1. | All India Anti-Untouchability League | Mahatma Gandhi |
| 2. | All India Kisan Sabha | Swami Sahajanand Saraswati |
| 3. | Self Respect Movement | E.VRamaswamy Naykar |

Which of the pairs given above is/are correctly matched?

(a) Only 1
(b) Only 1 and 2
(c) Only 2 and 3
(d) 1, 2 and 3

134. With reference to educational institutions during colonial rule in India, consider the following pairs:

| | **Institute** | **Founder** |
|---|---|---|
| 1. | Banaras Sanskrit College | William Jones |
| 2. | Calcutta Madrasa | Warren Hastings |
| 3. | Fort William College | Arthur Wellesley |

Which of the pairs given above is/are correct?

(a) Only 1 and 2
(b) Only 2
(c) Only 1 and 3
(d) Only 3

132. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें:

| | **व्यक्ति** | **ग्रहित पद** |
|---|---|---|
| 1. | सर तेज बहादुर सप्रू | अध्यक्ष, ऑल इंडिया लिबरल फेडरेशन |
| 2. | के. सी. नियोगी | सदस्य, संविधान सभा |
| 3. | पी. सी. जोशी | महासचिव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी |

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन–सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

133. निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें:

| | **आंदोलन/संगठन** | **नेता** |
|---|---|---|
| 1. | अखिल भारतीय अस्पृश्यता विरोधी लीग | महात्मा गांधी |
| 2. | अखिल भारतीय किसान सभा | स्वामी सहजानंद सरस्वती |
| 3. | स्वाभिमान आंदोलन | ई. वी. रामास्वामी नायकर |

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन–सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

134. भारत में औपनिवेशिक शासन के दौरान शैक्षणिक संस्थानों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

| | **संस्थान** | **संस्थापक** |
|---|---|---|
| 1. | बनारस संस्कृत कॉलेज | विलियम जोन्स |
| 2. | कलकत्ता मदरसा | वॉरेन हेस्टिंग्स |
| 3. | फोर्ट विलियम कॉलेज | आर्थर वेलेजली |

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3

GS World Committed to Excellence

135. The 30 members of a club decided to play a badminton singles tournament. Every time a member loses a game he is out of the tournament. There are no ties. What is the minimum number of matches that must be played to determine the winner ?

(a) 61
(b) 15
(c) 29
(d) None of these

135. एक क्लब के 30 सदस्यों ने बैडमिंटन एकल टूर्नामेंट खेलने का निर्णय लिया। जब भी कोई सदस्य गेम हारता है तो वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाता है। कोई टाई नहीं हैं। विजेता का निर्धारण करने के लिए खेले जाने वाले मैचों की न्यूनतम संख्या क्या है?

(a) 61
(b) 15
(c) 29
(d) इनमें से कोई नहीं

136. The HCF of two numbers is 23 and the other two factors of their LCM are 13 and 14. The larger of the two numbers is :

(a) 276
(b) 299
(c) 345
(d) 322

136. दो संख्याओं का HCF 23 है और उनके LCM के अन्य दो गुणनखंड 13 और 14 हैं। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या है:

(a) 276
(b) 299
(c) 345
(d) 322

137. In the following, three alternatives are same in a certain way out of four and so form a group. Find the odd word that does not belong to the group.

(a) Triangle
(b) Tangent
(c) Square
(d) Rhombus

137. निम्नलिखित में, चार में से तीन विकल्प एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह विषम विकल्प ढूंढें जो समूह से संबंधित नहीं है।

(a) त्रिकोण
(b) स्पर्शरेखा
(c) वर्ग
(d) समचतुर्भुज

https://t.me/pcsstudies1

138. Six tables and twelve chairs were bought for Rs.7,800. If the average price of a table is Rs.750, then the average price of a chair would be

(a) Rs.150
(b) Rs.175
(c) Rs.275
(d) Rs.250

138. छह मेज और बारह कुर्सियाँ 7,800 रुपये में खरीदी गईं। यदि एक मेज का औसत मूल्य 750 रुपये है, तो एक कुर्सी का औसत मूल्य होगा?

(a) रु 150
(b) रु 175
(c) रु 275
(d) रु 250

139. The sum of money, that will give Rs 1 as interest per day at the rate of 5% per annum simple interest is?

(a) Rs.36500
(b) Rs.3650
(c) Rs.7300
(d) Rs.730

139. वह धनराशि क्या है जिस पर 5% प्रति वर्ष साधारण ब्याज की दर से प्रतिदिन 1 रु. ब्याज मिलेगा?

(a) रु 36500
(b) रु 3650
(c) रु 7300
(d) रु 730

140. In a certain code language 'PINKY' is coded as 'XZJLMOHJOQ'. How will 'VANDY' be coded in that language?

(a) XZECMOBZUW
(b) ZXCEMOZBWU
(c) XZCEMOZBWU
(d) XZCEMOZBUW

140. एक निश्चित कूट भाषा में 'PINKY' को 'XZJLMOHJOQ' कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'VANDY' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

(a) XZECMOBZUW
(b) ZXCEMOZBWU
(c) XZCEMOZBWU
(d) XZCEMOZBUW

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO

UPPCS RO/ARO PRE TEST SERIES 2024

BOOKLET SERIES

**A**

Test Code
URT310324

# EXPLANATION BOOKLET
# Test - 02
# (History)
## General Studies

1. (b) ऐलोरा गुफाएं गुफा–वास्तुकला का महत्वपूर्ण स्थल हैं। एलोरा की गुफाएं महाराष्ट्र की सहयाद्री पर्वतश्रेणी में अजंता गुफाओं से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित हैं। यह 32 गुफाओं का समूह है, जिसमें से 16 गुफाएं ब्राह्मणीय शैली, 12 बौद्ध शैली और 4 जैन शैली की हैं। गुफाओं के इन समूहों को 5वीं से 11वीं शताब्दी में विदर्भ, कर्नाटक और तमिलनाडु के विभिन्न शिल्पी संघों द्वारा निर्मित किया गया था।

2. (a) अजन्ता की गुफाओं को बौद्ध भिक्षुओं द्वारा वाकाटक राजाओं के संरक्षण में चित्रित किया गया था। इन राजाओं में हरिसेन एक प्रमुख राजा थे। इन गुफाओं में बनाए गए चित्रों को फ्रेस्को चित्रकारी का प्रयोग कर निर्मित किया गया था और ये प्रकृतिवाद का विशेष रूप से प्रदर्शन करते हैं। इन रंगों को स्थानीय वनस्पति और खनिजों के प्रयोग से प्राप्त किया गया था। चित्रकारी की रूपरेखा लाल रंग से बनाई गई थी और उसके बाद आन्तरिक भाग में रंग भरा गया था। इनकी एक विशिष्टता, चित्रकारी में नीले रंग की अनुपस्थिति है। गुफा संख्या 16 गुफा वास्तुकला के सर्वाधिक उत्कृष्ट उदाहरणों में से एक है।

3. (d) गाँधी जी मशीनीकरण के विरोधी नहीं थे परन्तु वे इसके प्रति सनक के विरोधी थे उनका मानना था कि मानव श्रम को मशीनों से प्रतिस्थापित नहीं करना चाहिए बल्कि उनका प्रयोग मानव श्रम के प्रतिपूरक की तरह करना चाहिए।

4. (a) प्रसिद्ध लेखक सर सिडनी ओवन ने बहादुरशाह प्रथम की मृत्यु (27 फरवरी, 1712) पर कहा कि "यह अंतिम मुग़ल सम्राट था जिसके विषय में कुछ अच्छे शब्द कहे जा सकते हैं। इसके पश्चात मुग़ल साम्राज्य का तीव्रगामी और पूर्ण पतन, मुग़ल सम्राटों की राजनैतिक तुच्छता और शक्तिहीनता का द्योतक है।"

5. (d) गाँधी जी ने स्वतंत्रता दिवस (26 जनवरी 1930) मनाए जाने के तुरंत बाद घोषणा की कि वे ब्रिटिश भारत के सर्वाधिक घृणित कानूनों में से एक नमक कानून को तोड़ने के लिए एक यात्रा का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने वायसराय इरविन को अपनी इस 'नमक यात्रा' की पूर्व सूचना देकर 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से यात्रा प्रारंभ की तथा दांडी पहुँचकर एक मुट्ठी नमक उठाकर नमक कानून को तोड़ा और ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी। यह सविनय अवज्ञा आन्दोलन की औपचारिक शुरुआत थी।

6. (d) वज्र मुद्रा
   - यह मुद्रा ज्ञान इंगित करती है।
   - यह मुद्रा कोरिया और जापान में अधिक ज्ञात है।
   - इस मुद्रा में, बाएं हाथ की खड़ी तर्जनी दाएं हाथ की मुट्ठी में रखी जाती है। यह मुद्रा दर्पण–व्युत्क्रम रूप में भी देखी जाती है।
   - यह मुद्रा ज्ञान या सर्वोच्च ज्ञान के महत्व का प्रतीक है।
   - ज्ञान तर्जनी द्वारा दर्शाया जाता है और दाहिने हाथ की मुठ्ठी उसकी रक्षा करती है।

7. (a) उत्तरबोधी मुद्रा
   - इसका अर्थ सर्वोच्च ज्ञान है।
   - तर्जनी को छोड़कर सभी उंगलियां गूंथते हुए, तर्जनी को सीधे ऊपर बढ़ाते और एक दूसरे को स्पर्श कराते हुए दोनों हाथों को सीने के स्तर पर रखा गया है।
   - यह मुद्रा व्यक्ति में ऊर्जा का प्रवाह कराने के लिए जानी जाती है। यह मुद्रा पूर्णता का प्रतीक है।
   - नागों के मुक्तिदाता शाक्यमुनि बुद्ध इस मुद्रा में प्रस्तुत किए गए हैं।

https://t.me/pcsstudies1

8. (c) यूनानी और रोमन शैली के बीच कुछ अंतर है और गांधार शैली दोनों शैलियों का एकीकरण करती है। यूनानियों की आदर्शवादी शैली भगवान और अन्य मनुष्यों के पेशीय चित्रण में बल और सौंदर्य दर्शाते हुए परिलक्षित होती है। संगमरमर का उपयोग करके यूनानी पार्थेनन की कई यूनानी पौराणिक आकृतियों की मूर्तियां बनाई गई हैं। वहीं दूसरी ओर, रोमवासी अलंकरण और सजावट के लिए कला का उपयोग करते थे और यूनानी आदर्शवाद के विपरीत प्रकृति में यथार्थवादी थे। रोमन कला यथार्थवाद को प्रदर्शित करती है और वास्तविक लोगों और प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण करती है। रोमवासी अपनी मूर्तियों में कंक्रीट का उपयोग करते थे। रोमवासी अपने भित्ति चित्रों के लिए भी प्रसिद्ध थे।

9. (a) मथुरा शैली का विकास पहली और तीसरी 'शताब्दी ई. पू. के बीच की अवधि में यमुना नदी के किनारे हुआ। मथुरा शैली की मूर्तियां उस समय के सभी तीनों धर्मों (बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म और जैन धर्म) की कहानियों और चित्रों से प्रभावित हैं। ये मूर्तियां मौर्य काल के दौरान मिली पहले की यक्ष मूर्तियों के नमूने पर आधारित हैं। मथुरा शैली के मूर्तियों में प्रतीकों का प्रभावशाली उपयोग दिखाया। हिंदू देवताओं का निर्देशन उनकी 'अवायुधास' का उपयोग करके किया गया था। उदाहरण के लिए, शिव को लिंग और मुखलिंग के माध्यम से दिखाया गया है। इसी प्रकार, बुद्ध के सिर के चारों ओर प्रभामंडल गांधार शैली की तुलना में बड़ा है और ज्यामितीय पैटर्न से अलंकृत है। बुद्ध को दो बोधिसत्वों (कमल पकड़े पद्मपाणि और वज्र पकड़े वज्रपाणि) से घिरा हुआ दिखाया गया है।

10. (b) बुद्ध की मृत्यु के बाद बनाए गए 9 स्तूपों के स्थल राजगृह, वैशाली, कपिलवस्तु, अलकप्प, रामग्राम, बेठपीड, पावा, कुशीनगर और पीपली वन हैं।

11. (a) सारनाथ स्तंभ का शीर्ष फलक और पशु भाग भारत का आधिकारिक राष्ट्रीय प्रतीक है। सारनाथ स्तंभ के शीर्ष फलक में, चार दिशाओं को निरूपित करते हुए चार पशु – चौकड़ी भरता अश्व (पश्चिम), वृषभ (पूर्व), हाथी (दक्षिण) और सिंह (उत्तर) दर्शाए गए हैं। ये पशु अनंत काल तक अस्तित्व का पहिया घमाते हुए एक दूसरे का पीछा करते हुए प्रतीत होते हैं। हाथी रानी माया का स्वप्न, उसके गर्भ में प्रवेश करता हुआ श्वेत हाथी दर्शाता है। बैल वृष राशि चिन्ह दर्शाता है, जिस महीने में बुद्ध का जन्म हुआ था। अश्व कंथक अश्व को निरूपित करता हैं, जिसका बुद्ध ने राज्य से दूर जाने के लिए उपयोग किया था। सिंह ज्ञान प्राप्ति दर्शाता है। मुंडक उपनिषद से लिया गया सत्यमेव जयते शब्द, जिसका अर्थ 'सत्य की सदा विजय होती है' है, देवनागरी लिपि में शिलालेख के नीचे उत्कीर्ण है। चार सिंह सभी दिशाओं में धम्म का प्रसार करते हुए बुद्ध को प्रतीकबद्ध करते हैं। इसे बुद्ध द्वारा पहले धर्मोपदेश या धम्मचक्र प्रवर्तन की स्मृति में बनाया गया था।

12. (a) मोहनजोदड़ो से विशाल स्नानागार, विशाल अन्नागार, दाढ़ी वाले पुजारी की मूर्ति, नर्तकी की कांस्य मूर्ति तथा पशुपति की मोहर इत्यादि प्राप्त हुए हैं।

13. (d) हड़प्पा सभ्यता के मुहरों पर पशुओं की आकृतियां भी हैं। इन्हें सतहों पर उत्कीर्णित किया गया है। सामान्य पशु रूपांकन, कूबड़दार बैल, गैंडा, बाघ, हाथी, भैंस, बायसन, बकरी, मारकोर, साकिन, मगरमच्छ आदि के हैं। हालांकि, किसी भी मुहर पर गाय का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। सामान्यतः, मोहरों पर एक ओर पशु या मानव आकृति है और दूसरी ओर मुद्रालेख है या दोनों ओर मुद्रालेख हैं।

14. (c) हड़प्पा सभ्यता व्यापक पैमाने पर कांसे की ढलाई की प्रथा की साक्षी थी। कांसे की मूर्तियों को 'लुप्त मोम तकनीक' या 'Cire Perdue' का उपयोग करके बनाया जाता था। इस तकनीक में, मोम की मूर्तियों पर पहले गीली मिट्टी का लेपन किया जाता था और तब सूखने दिया जाता था। इसके बाद मिट्टी से लेपित मूर्तियों को गर्म किया जाता था, जिससे अंदर की मोम पिघल जाती थी। फिर एक छोटे से छेद के माध्यम से मोम को बाहर निकाल दिया जाता था और खोखले सांचे के अंदर पिघली हुई धातु डाली जाती थी। धातु के ठंडा हो जाने और जम जाने के बाद, मिट्टी का लेप हटा दिया जाता था और जैसी मोम की आकृति होती थी उसी आकार की धातु की आकृति तैयार हो जाती थी। आज भी, इस तकनीक का देश के कई भागों में प्रचलन है।

15. (c) प्रयाग–प्रशस्तिः इलाहाबाद स्तंभलेख को प्रयाग–प्रशस्ति नाम दिया गया है। 'प्रयाग' का अर्थ किसी चीज या किसी व्यक्ति का मिलन स्थल है। प्रयाग इलाहाबाद का प्राचीन नाम है क्योंकि यह गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी का मिलन स्थल या 'संगम' है। प्रशस्ति का अर्थ 'किसी की प्रशंसा' होता है और यह स्तवन है। प्रयाग प्रशस्ति मूल रूप से इलाहाबाद के निकट कौशांबी में अशोक स्तंभ पर उत्कीर्णित की गई थी। बाद में इसे इलाहाबाद के किले में ले जाया गया। हालांकि, यह अशोक का स्तम्भ है लेकिन इसमें 4 अलग–अलग अभिलेख हैं–

- जैसा कि सभी स्तंभलेखों में है, ब्राह्मी लिपि में अशोक का सामान्य अभिलेख।
- अशोक की पत्नी कारुवाकी के राजकीय धर्मार्थ कार्यों का वर्णन करने वाला रानी का अभिलेख।

- संस्कृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में हरिसेण द्वारा लिखित समुद्रगुप्त (335 ईस्वी – 375 ईस्वी) का अभिलेख। इसमें समुद्रगुप्त की विजयों और गुप्त साम्राज्य की सीमाओं का वर्णन किया गया है।
- फारसी में जहांगीर का अभिलेख।

16. (b) नासिक की गुफाएं 24 बौद्ध गुफाओं का समूह हैं, जिन्हें 'पांडव लेनी' भी कहा जाता है। नासिक की गुफाएं पहली सदी ईस्वी के दौरान निर्मित की गईं थीं। ये हीनयान संप्रदाय से संबंधित हैं। हालांकि, बाद में इन गुफाओं पर महायान संप्रदाय का भी प्रभाव देखा जा सकता है। हीनयान संप्रदाय के अंतर्गत, बुद्ध की उपस्थिति सिंहासन और पदचिन्ह् जैसे रूपांकनों और प्रतीकों के उपयोग के माध्यम से दर्शायी गई है और बाद में, इन गुफाओं में बुद्ध की मूर्तियां भी बनाई गईं जो महायान बौद्ध धर्म का प्रभाव निरूपित करती हैं। यह स्थल जल प्रबंधन की उत्कृष्ट प्रणाली भी दर्शाता है जो ठोस चट्टानों को काटकर बनाए गए तालाबों की उपस्थिति से इंगित होता है।

17. (b) जिम्मी वे लोग थे जो उद्घटित धर्मग्रंथ को मानने वाले थे, जैसे इस्लामी शासकों के क्षेत्र में रहने वाले यहूदी और ईसाई। ये लोग जजिया नामक कर चुका कर मुसलमान शासकों द्वारा संरक्षण दिए जाने के अधिकारी हो जाते थे। भारत में इसके अंतर्गत हिंदुओं को भी शामिल कर लिया गया।

https://t.me/pcsstudies1

18. (d) शरिया मुसलमान समुदाय को निर्देशित करने वाला कानून है। यह कुरान शरीफ़ और हदीस पर आधारित है। हदीस का अर्थ है पैगम्बर साहब से जुड़ी परंपराएँ जिनके अंतर्गत उनके स्मृत शब्द और क्रियाकलाप भी आते हैं। जब अरब क्षेत्र से बाहर इस्लाम का प्रसार हुआ जहाँ के आचार–व्यवहार भिन्न थे तो कियास (सदृशता के आधार पर तर्क) और इजमा (समुदाय की सहमति) को भी कानून का स्रोत माना जाने लगा। इस तरह शरिया, कुरान, हदीस, कियास और इजमा से उद्भूत हुआ।

19. (b) चिश्ती सिलसिला के मुख्य उपदेशक

| सूफ़ी | मृत्यु का वर्ष | दरगाह का स्थान |
|---|---|---|
| शेख मुइनुद्दीन चिश्ती | 1235 | अजमेर (राजस्थान) |
| ख़्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी | 1235 | दिल्ली |
| शेख फरीदुद्दीन गंज–ए–शकर | 1265 | अजोधन (पाकिस्तान) |
| शेख निजामुद्दीन औलिया | 1325 | दिल्ली |
| शेख नसीरुद्दीन चिराग–ए–देहली | 1356 | दिल्ली |

20. (a) चिश्ती उपासना पद्धति में नाच और संगीत भी जियारत का हिस्सा थे, खासतौर से कव्वालों द्वारा प्रस्तुत रहस्यवादी गुणगान जिससे परमानंद की भावना को उभारा जा सके। सूफ़ी संत जिक्र (ईश्वर का नाम–जाप) या फिर समा (श्रवण करना) यानी आध्यात्मिक संगीत की महफिल के द्वारा ईश्वर की उपासना में विश्वास रखते थे। चिश्ती उपासना पद्धति में सभा का महत्त्व इस तथ्य की पुष्टि करता है कि चिश्ती स्थानीय भक्ति परंपरा से जुड़ें।

21. (a) मंदिर बनाने की पंचायतन शैली में प्रमुख देवता के मंदिर के साथ चार गौण देव मंदिर होते थे। प्रमुख मंदिर वर्गाकार होता था और इसके सामने लम्बा मंडप होता था, जिससे इसका आकार आयताकार हो जाता था। गौण देव मंदिरों को मण्डप के प्रत्येक ओर एक–दूसरे के सम्मुख स्थापित किया जाता था। इस प्रकार मन्दिर का भू–विन्यास क्रूस के आकार का हो जाता था। उदाहरणः देवगढ़ का दशावतार मन्दिर (उ.प्र.), ऐहोल का दुर्गा मन्दिर (कर्नाटक) इत्यादि।
- नचना कुठार के पार्वती मंदिर का निर्माण, मंदिर निर्माण कला के विकास के द्वितीय चरण में हुआ था, जबकि पंचायतन मंदिरों का विकास तृतीय चरण में हुआ।

22. (c) कलिंग साम्राज्य के विभिन्न भागों में मंदिर वास्तुकला की एक अलग शैली विकसित हुई जिसे ओडिशा शैली कहा जाता है।
इसकी मुख्य विशेषताएं हैं–
- बाहरी दीवारों पर बड़ी मात्र में बारीक नक्काशी की जाती थी लेकिन भीतरी दीवारों को बिना नक्काशी के ही रखा जाता था।
- ड्योढ़ी में खम्भों का उपयोग नहीं किया जाता था। इसके बजाय छत को लोहे के गार्डरों से सहारा दिया जाता था।
- शिखर को रेखा–देउल कहा जाता था। वे लगभग एक क्षैतिज छत जैसे होते थे जो शीर्ष पर एकदम से अन्दर की तरफ मुड़ते थे।
- ओडिशा शैली में मंडप को जगमोहन नाम से जाना जाता था।
- मुख्य मंदिर वर्गाकार होता था।
- ओडिशा शैली के मंदिर द्रविड़ शैली के मंदिरों के समान ही परकोटे से घिरे होते थे।

23. (b) ऐलोरा में गुफा संख्या 16 कैलाश मन्दिर है। इसे राष्ट्रकूट राजा कृष्ण–I के संरक्षण में निर्मित किया गया था और केवल एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया था।

24. (d) 1911 के उपरांत, अंग्रेजी राज द्वारा करवाए गए निर्माण नव–रोमन शैली या नव–शास्त्रीय शैली के अनुसार करवाए गए थे। एडविन लुटियन और हरबर्ट बेकर द्वारा की गई नई दिल्ली की वास्तुकला इस शैली का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इसे प्रायः 'हिंदुस्तान के रोम' के रूप में वर्णित किया जाता है। इस चरण की विशेषताएं इस प्रकार हैं–

- निर्माण अनजान और बिना किसी रुचिकर विशेषताओं वाले होते थे।
- यह वास्तुकला की सभी शैलियों का संगम था, जिस कारण इस शैली में संकुलन था और कलात्मक अभिव्यक्ति के अवसर संकीर्ण थे।
- निर्माण कार्य की संकर प्रकृति के नाते सादगी, आधुनिकता और उपयोगिता से अत्यधिक समझौता किया गया था।
- चक्राकार भवनों पर अधिक ध्यान दिया गया।
- पश्चिमी वास्तुशिल्प डिजाइनों को साकार कराने के लिए प्राच्य रूपांकनों का अत्यधिक प्रयोग किया गया।
- औंधे अथवा ऊपर उठे हुए गुंबद की अवधारणा इसी चरण के दौरान प्रचलित की गई। इसे सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रपति भवन के शीर्ष पर देखा जा सकता है।

https://t.me/pcsstudiest

25. (a) पुर्तगाली अपने साथ वास्तुकला की 'आईबेरियन शैली' लाए। आरंभ में उन्होंने व्यापारिक ठिकानों और गोदामों का निर्माण करवाया। ये आगे चलकर समुद्र तट के साथ–साथ दुर्गीकृत नगरों में रूपांतरित हो गए। उन्होंने आईबेरियन शैली में 'आँगन गृहों' और 'बैरोक चर्चों' की अवधारणा प्रचलित की।

26. (c) कश्मीरी मन्दिर वास्तुकला की अपनी विशिष्ट विशेषताएं स्थानीय भूगोल के अनुकूल हैं और पत्थर पर अपनी अनूठी नक्काशी के लिए प्रसिद्ध हैं। महत्त्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों पर स्थित होने के कारण इसकी वास्तु शैली कई विदेशी स्रोतों से प्रेरित है। कारकोटा राजवंश और उत्पल राजवंश के शासकों के शासन में मन्दिर निर्माण प्रकाष्ठा पर पहुंचा था। कश्मीर शैली की वास्तुकला की प्रमुख विशेषताएं हैं–

- त्रिदली मेहराबें (गांधार प्रभाव)
- कोष्टात्मक विन्यास और परिबद्ध आंगन
- सीधी–धार वाली पिरामिडीय छत
- स्तम्भों वाली दीवारें (ग्रीक प्रभाव)
- त्रिकोणीय फूटपाथ (ग्रीक प्रभाव)
- सीढ़यों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक

27. (a) सर्वप्रथम संगम साहित्य (पहली या दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व) में उल्लिखित कुट्टू वरिसाई का अर्थ है 'खाली हाथ से संग्राम'। कुट्टू वरिसाई का परंपरा मुख्यतः तमिलनाडु में है, हालांकि यह श्रीलंका और मलेशिया के उत्तरी–पूर्वी भाग में भी काफी लोकप्रिय है। यह एक निःशस्त्र द्रविड़ मार्शल आर्ट है, जिसका उपयोग श्वेतसार, योग, व्यायाम और श्वास अभ्यास के माध्यम से दंगल और पग कार्य को उन्नत बनाने के लिए किया जाता है।

28. (b) पावाकूथु केरल की पारंपरिक दस्ताना कठपुतली प्रदर्शन है। इसकी उत्पत्ति 18 वीं सदी ईस्वी के आसपास हुई। कठपुतलियों को रंगीन दुपट्टों, पंखों और हेडगियर (Headgear) से सजाया जाता है। यह कथकली नृत्य शैली से अत्यधिक प्रभावित है। नाटक रामायण और महाभारत की कथाओं पर आधारित होती हैं।

29. (b) लाहौर जेल में क्रांतिकारियों द्वारा सरकार से राजनैतिक बंदी की तरह पेश आने की मांग को लेकर एक लम्बी भूख हड़ताल की गई, इस हड़ताल के 63वें दिन एक क्रांतिकारी जतिन दास की मृत्यु हो गई थी। बटुकेश्वर दत्त ने भगत सिंह के साथ केन्द्रीय विधानसभा में बम फेंका था। प्रफुल्ल चाकी मुजफ्फरपुर षड्यंत्र केस में खुदी राम बोस के साथ आरोपी थे इन्होंने आत्महत्या कर ली थी। तथा अवध बिहारी दिल्ली षड्यंत्र केस से जुड़े थे।

30. (c) फ्रांसिस बुकानन एक चिकित्सक था जो भारत आया और बंगाल चिकित्सा सेवा में (1794 से 1815) कार्य किया। यह कुछ वर्षों तक भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड वेलेजली का शल्य–चिकित्सक भी रहा था। कलकत्ता के अपने प्रावास के दौरान उसने कलकत्ता में एक चिड़ियाघर की स्थापना की, जो कलकत्ता अलीपुर चिड़ियाघर कहलाया। बंगाल सरकार के अनुरोध पर उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकार क्षेत्र में आने वाली भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण भी तैयार किया।

31. (c) अंग्रेज अफ़ग़ानिस्तान में रूस के प्रभाव को कमजोर बनाना और समाप्त करना तो चाहते थे, पर वे अफ़ग़ानिस्तान को मजबूत बनते भी नहीं देखना चाहते थे। वे उसे एक कमजोर और बंटा हुआ देश ही बनाये रखना चाहते थे ताकि आसानी से उसको नियंत्रित कर सके। 1860 के दशक में क्रीमियाई युद्ध हार जाने के बाद जब रूस ने मध्य एशिया पर ध्यान देना आरम्भ किया तो अंग्रेजों ने अफ़ग़ानिस्तान को एक तटस्थ देश के रूप में मजबूत बनने की नीति अपनाई।

32. (d) मद्रास महाजन सभा की स्थापना 1884 में एम. वीर राघवाचारी, जी. सुब्रामन्य अय्यर, आनंद चर्लू तथा अन्य ने किया था।

33. (c) यक्षगान आन्ध्र प्रदेश तथा कर्नाटक में आज तक अस्तित्वमान कदाचित प्राचीनतम नाट्यकला परम्परा है। इसका उद्भव विजयनगर साम्राज्य के राजदरबार में हुआ तथा इसे जक्कुला वारू नामक विशिष्ट समुदाय द्वारा प्रस्तुत किया जाता था। मूलतः, यह एकल कलाकार द्वारा अभिनीत तथा व्यापक रूप से वर्णनात्मक एक नृत्य–नाटिका थी। बाद की विधाओं में और भी रूपांतर होते गए तथा यह एक विशिष्ट नृत्य–नाटिका बन गयी। यक्षगान की कुछ लोकप्रिय विधाओं में महाराष्ट्र में ललिता, गुजरात में भवई तथा नेपाल में गन्धर्व गान सम्मिलित हैं।

34. (a) हास्य–रस तथा कामोत्तेजक भावों के लिए प्रसिद्ध, तमाशा महाराष्ट्र क्षेत्र की एक लोक नाट्यकला है। इसकी अनोखी विशेषता महिला अभिनेत्रियों की उपस्थिति है जो पुरुषों की भूमिकाएं भी निभाती हैं। तमाशा प्रस्तुतियों में, सामान्यतः लावणी गीतों का समावेश होता है।

35. (c) झूमर (Jhoomar) नृत्य फसल कटाई के मौसम के दौरान पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में जनजातीय सिखों द्वारा किया जाता है। इसे वृत्त में किया जाता है। इस तथ्य में ढोल की थाप पर हाथों या कंधों की गति सबसे महत्वपूर्ण भाग होती है। वेशभूषा भांगड़ा के समान होती है। इसे व्यापारियों द्वारा बलूचिस्तान से भारत लाया गया था।

36. (d) प्रसिद्ध लेखक विलियम अरविन के अनुसार, मुगल दरबार में चार प्रमुख दल थे– तूरानी, ईरानी, अफ़गानी और हिन्दुस्तानी।

37. (a) सहायक संधि लॉर्ड वेलेजली द्वारा 1798 तैयार की गई एक व्यवस्था थी।

38. (a) असहयोग आन्दोलन के बाद गाँधी जी पर राजद्रोह के आरोप के जाँच की कार्यवाही की अध्यक्षता जस्टिस सी. एन. ब्रूमफील्ड ने की थी।

39. (c) 1907 में पंजाब के नहरी इलाका में हुए दंगों के बाद लाला लाजपतराय और सरदार अजित सिंह को देश से बाहर कर दिया गया था।

40. (c) ब्रजभूमि की रासलीला से उत्पन्न, कथक उत्तर प्रदेश की एक परम्परागत नृत्य विधा है। कथक का नाम 'कथिका' अर्थात कथावाचक शब्द से लिया गया है, जो भाव–भंगिमाओं तथा संगीत के साथ महाकाव्यों से ली गयी कविताओं की प्रस्तुति किया करते थे। मुगल युग के दौरान, नृत्य की यह विधा पतित हो कर कामोत्तेजक शैली में प्रस्तुत की जाने लगी तथा इसकी एक विभक्त शाखा दरबार–नृत्य बन गयी। इस पर फारसी वेश–भूषा तथा नृत्य शैली का भी प्रभाव पड़ा। कथक की शास्त्रीय शैली को बीसवीं शताब्दी में लेडी लीला सोखे के द्वारा पुनर्जीवित किया गया।

41. (c) मोहिनीअट्टम या मोहिनी ('मोहिनी' का अर्थ सुंदर स्त्री और 'अट्टम' का अर्थ नृत्य होता है) का नृत्य, मूल रूप से नृत्यांगनाओं द्वारा किया जाने वाला एकल नृत्य है जिसे 19वीं सदी में वडिवेलु द्वारा आगे और विकसित किया गया और केरल राज्य के ट्रावणकोर के शासकों के अधीन इसने महत्व प्राप्त किया। 19वीं सदी में त्रवणकोर के शासक स्वाति थिरुनल का संरक्षण उल्लेखनीय है।

42. (b) भारत के दक्षिणी भागों में, ''रूलेट मिट्टी'' के बर्तनों के अवशेष मिलते हैं। इन्हें 200–100 ईसा पूर्व के बीच का माना जा सकता है। अधिकांश साक्ष्य पुडुचेरी के निकट अरिकमेडू से मिलें हैं।

43. (d) अवशेषों से पता चलता है कि मृद्भाण्ड बनाने की कला 6000 ईसा पूर्व में भी अत्यधिक विकसित थी। प्राचीन काल के सबसे प्रसिद्ध मृद्भाण्ड चित्रित धूसर मृद्भाण्ड हैं। यह रंग में सामान्यतः धूसर होता है और वैदिक काल (1500–600 ईसा पूर्व) से संबंधित होते हैं। मिट्टी के बर्तन देश के कुछ भागों में, हमें 1500–300 ई.पू. के लाल और काले मिट्टी के बर्तनों के साक्ष्य मिलते हैं। ये पश्चिम बंगाल के बड़े क्षेत्रों से प्राप्त हुई है। एक अन्य प्रकार का मिट्टी का प्राचीन बर्तन उत्तरी काला पॉलिशदार मृद्भाण्ड है, जोकि दो चरणों में बनाए गए– पहला, 700 से 400 ईसा पूर्व तथा दूसरा 400–100 ईसा पूर्व के दौरान। ये चरण आंशिक रूप से मौर्य काल का समकालीन हैं। गुप्त काल (300–600 ईस्वी) के आरंभ होने के बाद, हमें अलंकरण, चित्रकला, मुद्रांकन और मोल्डिंग की नई सजावटी तकनीकें प्राप्त होने लगती हैं। इंडो–इस्लामिक परंपराओं के आगमन के साथ हमें ''चमकीले मिट्टी'' के बर्तनों के साक्ष्य प्राप्त होने लगते हैं।

44. (a) चांदी के आभूषण बनाने वाले कारीगरों द्वारा उपयोग की जाने वाली सबसे प्रसिद्ध तकनीकों में से ''फिलिग्री कला'' (Filigree work) है, जिसमें चांदी का महीन काम किया जाता है। ओडिशा पैनरी और पयजाम कहलाने वाली अपनी चांदी की पायलों के लिए विख्यात है।

45. (a) मेरिस संगीत महाविद्यालय भारत में शास्त्रीय संगीत का अध्ययन करने के प्रमुख संस्थानों में से एक है। 1926 में इसकी स्थापना महान संगीतज्ञ विष्णु नारायण भातखंडे ने की थी। वे इस विद्यालय की स्थापना के लिए अपने मूल स्थान लखनऊ वापस चले आए। यह संगीत के सिद्धांत के साथ–साथ गायन और वाद्य यंत्रों के वादन के अभ्यास पर केंद्रित है। आगे चलकर इसका नामकरण भातखंडे संगीत संस्थान के रूप में किया गया।

https://t.me/pcsstudies1

46. (c) संस्कृत का प्रांजल स्वरूप 300 ई. पू. से 200 ई. पू. के बीच विकसित हुआ। यह वैदिक संस्कृत का परिष्कृत संस्करण था। संस्कृत के उपयोग का पहला साक्ष्य वर्तमान दक्षिणी गुजरात क्षेत्र के जूनागढ़ में रुद्रदमन के शिलालेख में पाया जा सकता है।

47. (d) भाषाओं का मध्य भारतीय–आर्य समूह – इस उप–समूह के विकास की अवधि ईसा पूर्व 600 से 1000 ईस्वी के बीच है और इसमें प्राकृत एक अहम् भाषा है। प्राकृत का अर्थ सहज, मूल, सामयिक (अनौपचारिक) समझा जाता है, जिससे यह प्रकट होता है कि इसमें उपयोग करने के कोई कठोर नियम नहीं होते हैं और यह सर्वसामान्य की बोली है। प्राकृत एक व्यापक शब्द है जिसमें सामान्य रूप से मध्य भारतीय–आर्य समूह की सभी भाषाओं को समाहित कर लिया जाता है। अर्द्ध–मगधी, पालि अपभ्रंश आदि अनेक भाषाओं का मूल प्राकृत में पाया जाता है। इलु श्रीलंका की आधुनिक सिंहल भाषा का प्राचीन रूप है, यह पालि के समान है।

48. (c) सारदा या शारदा लिपि ब्राह्मी मूल की लिपियों के परिवार की अबुगिडा लेखन प्रणाली है, जिनका विकास आठवीं शताब्दी के दौरान हुआ है। इसका प्रयोग संस्कृत एवं कश्मीरी लिखने के लिए किया जाता था। इसका उपयोग शुरू में अधिक व्यापक था, जो बाद में कश्मीर तक सीमित रह गया, और कश्मीरी पंडित समुदाय द्वारा आनुष्ठानिक प्रयोजनों के अतिरिक्त इसका प्रयोग अब यदा–कदा ही किया जाता है।

49. (b) 1893 में स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के विश्व धर्म संसद में उद्घोषित किया थाः ''मुझे उस धर्म का अनुयायी होने पर गर्व है जिसने सम्पूर्ण विश्व को सहिष्णुता तथा वैश्विक मैत्री का पाठ पढ़ाया है और हम केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, बल्कि हम सभी धर्मों की सत्यता को स्वीकार भी करते हैं।''

50. (a) वरकरी पंथ या वरकरी सम्प्रदायः इस समुदाय के अनुयायी भगवान विष्णु के विठोबा के रूप में हुए अवतार के भक्त होते हैं और इनकी पूजा पद्धति का केन्द्र महाराष्ट्र के पंढरपूर में स्थित विठोबा का मंदिर है। इस संप्रदाय में शराब और तंबाकू के प्रति कठोर निषेध होता है। उनकी वार्षिक तीर्थयात्र वारी में रोचक आयोजन होते हैं। वारी में, वारकरियों द्वारा समाधि से पंढरपुर तक संतों की पादुकाएं ले जाई जाती हैं। तीर्थयात्र के दौरान रिंगन एवं धवा के आयोजन होते हैं। रिंगन के अंतर्गत, तीर्थयात्रियों की पंक्तियों के बीच पवित्र घोड़ा दौड़ता है, जो उसके द्वारा उड़ाई धूल को पकड़ने का प्रयास करते हैं और उसे अपने माथे पर लगाते हैं। इस संप्रदाय के अंतर्गत प्रमुख व्यक्तियों में ज्ञानेश्वर (1275– 1296), नामदेव (1270–1350), एकनाथ (1533–1599), और तुकाराम (1598–1650) सम्मिलित हैं।

51. (b) गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुम्बनी में हुआ था। उनकी माता माया और पिता शुद्धोधन थे। 29 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने घोड़े कन्थक पर सवार होकर अपने सारथि चन्ना के साथ सत्य की खोज के लिए अपना घर त्याग दिया था और छह वर्ष तक वे एक भिक्षु की तरह भटकते रहे। वे गया (बिहार) आये और एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठ गये। वहां उन्होंने प्रत्येक वस्तु पर चिन्तन किया और स्वयं को सभी बन्धनों से मुक्त कर लिया। यहीं उन्हें सत्य यानी प्रसन्नता के रहस्य की अनुभूति हुई। 35 वर्ष की आयु में उसी पीपल के वृक्ष के नीचे उन्हें आत्मज्ञान (निर्वाण) की प्राप्ति हुई और वे बुद्ध (प्रबुद्ध व्यक्ति) बन गये।

52. (d) बौद्ध धर्म के अंतर्गत अपनाये गये तीन रत्न (त्रिरत्न) बुद्ध, धम्म (बुद्ध की शिक्षाएं) और संघ (समूह) हैं।

53. (c) माना जाता है कि बुद्ध के प्रस्थान के पश्चात, ईसा पूर्व 383 और ईसा पूर्व 250 के बीच मूल संघ दो प्रारम्भिक सम्प्रदायों (शाखाओं) में बंट गयाः

1. स्थाविर निकायः इसके उप–पंथों में महिससक, सर्वस्तीवाद, सक्रांतिका, सौत्रान्तिका, धर्मगुप्तक, वत्सीपुत्रिय, धर्मोत्तरिय, भद्रायानिया, संनाग्रिका और सम्मितीय सम्मलित थे।
2. महासंघिकाः इसके उप–पंथ–गोकुलिका, प्राजनपतिवाद, बहुस्रुतिय, एकव्य्हारिका, चौतिका सम्मलित थे।

54. (c) स्वतंत्रता के पूर्व 1929, 1930, 1936 तथा 1937 में जवाहरलाल नेहरू कांग्रेस अध्यक्ष रहे थे। जवाहरलाल नेहरू ने 1936 के अपने अध्यक्षीय भाषण में कांग्रेस से समाजवाद को अपना लक्ष्य बनाने और कांग्रेस को किसानों और मजदूरों के करीब ले जाने का आग्रह किया था। स्वतंत्रता के बाद वे 1951 से 1954 तक कांग्रेस अध्यक्ष रहे थे।

55. (a) फरवरी 1927 में ब्रुसेल्स में आयोजित उत्पीड़ित जातीयताओं के सम्मलेन में कांग्रेस की ओर से जवाहरलाल नेहरू ने भाग लिया।

56. (d) ब्रिटिश सरकार रजवाड़ों की संरक्षक थी इसलिए रजवाड़ों ने कांग्रेस और राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रति शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाया और उसका विरोध किया। 1921 में चेंबर ऑफ़ प्रिंसेज की स्थापना ब्रिटिश सत्ता के साथ रजवाड़ों का सामंजस्य स्थापित करने के लिए की गई थी।

57. (a) अक्टूबर 1940 में गाँधी जी ने कुछ चुनिन्दा लोगों को लेकर सत्याग्रह करने का फैसला किया जिसे व्यक्तिगत सत्याग्रह के नाम से भी जाना जाता है। इसकी शुरुआत विनोबा भावे ने की थी तथा दूसरे सत्याग्रही जवाहरलाल नेहरू थे।

58. (a) गाँधी जी ने 8 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आन्दोलन की पूर्वसंध्या पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि, 'मैं अगर हो सके तो तत्काल, इसी रात, प्रभात से पहले स्वाधीनता चाहता हूँ.... .आज दुनिया में झूठ और मक्कारी का बोलबाला है...... आप मेरी बात पर भरोसा कर सकते हैं कि मैं मंत्रिमंडल या ऐसी दूसरी वस्तुओं के लिए वायसराय से सौदा करने वाला नहीं हूँ। पूर्ण स्वाधीनता से कम किसी चीज से संतुष्ट होने वाला नहीं हूँ' इसी क्रम में गाँधी जी ने 'करो या मरो' का मन्त्र दिया।

59. (c) अवलोकितेश्वरः यह बुद्ध के इर्दगिर्द तीन सुरक्षात्मक देवताओं में से एक हैं। इन्हें कमल का फूल पकड़े हुए वर्णित किया जाता है उन्हें पद्मपाणी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी चित्रकारी अजन्ता की गुफाओं में भी देखी जा सकती है।

60. (b) आरम्भ में मुगलों तथा सिक्खों के बीच मधुर संबंध थे, किन्तु जहांगीर के आदेश पर गुरु अर्जुनदेव की फांसी विवाद का विषय बन गयी। गुरु हरगोविंद सिंह (1604–44) ने लड़ाकू वृत्ति की नींव रखी तथा रामदासपुर में प्रतिरोध के लिए अपनी स्वयं की सेना बनाई। उन्होंने सिक्ख पंथ को सिक्ख सैन्य दल में परिवर्तित कर दिया, जिसके सदस्य 'संत सैनिक' या 'सैनिक संत' कहलाते थे।

61. (a) अधिकांश ऋग्वैदिक श्लोक जीवन, मृत्यु, सृष्टि, बलिदान और दैवीय आनंद या सोम की आकांक्षा पर केंद्रित हैं। समस्त ऋग्वैदिक श्लोक, कई देवताओं विशेष रूप से उनके मुख्य देवता इंद्र को समर्पित हैं। ऋग्वेद में वर्णित अन्य प्रमुख देवता अग्नि (आग के देवता), वरुण (जल के देवता), रुद्र (पवन/तूफान के देवता), आदित्य (सूर्य देव का एक रूप), वायु (वायु के देवता) तथा अश्विन है। नारी देवियों को भी समर्पित कई श्लोक हैं, जैसे– ऊषा (भोर की देवी), पृथ्वी (पृथ्वी की देवी) और वाक् (भाषा की देवी)।

62. (b) अथर्ववेद को ब्रह्म वेद के रूप में भी जाना जाता है और इसके लिए क्रमशः अथर्व और अंगिरा नामक दो ऋषियों को श्रेय दिया जाता है। इन दो ऋषियों के साथ इसके संबंध के कारण, पुराने समय में इसे अथर्वांगिरश भी कहा जाता था। जहां यह मुख्य रूप से मानव समाज की शांति और समृद्धि से संबंधित है और मनुष्य के दैनिक जीवन के सभी पहलुओं को अच्छादित करता है, वहीं यह विशेष रूप से कई रोगों के उपचार पर भी केंद्रित है। इस ग्रंथ को लगभग 99 रोगों के लिए उपचार परामर्श देने के लिए भी जाना जाता है।

63. (a) 'यजु' शब्द 'यज्ञ' का प्रतीक है और यह वेद वैदिक काल में प्रचलित विभिन्न प्रकार के यज्ञों के कर्मकांडों और मंत्रों पर केंद्रित है। यर्जुवेद के दो प्रमुख ग्रंथ (संहिताएं) हैं– शुक्ल (श्वेत/शुद्ध) और कृष्ण (काला/अंधेरा)। इन संहिताओं को वाजसनेयी संहिता और तैत्तिरीय संहिता भी कहा जाता है। यजुर्वेद मुख्य रूप से अनुष्ठानिक वेद है क्योंकि यह यज्ञीय अनुष्ठान करने वाले ऋषियों/पुजारियों के लिए मार्गदर्शक पुस्तक की भांति कार्य करता है। मांडूक्य अथर्ववेद से संबंधित हैं।

64. (b) उपनिषद संस्कृत में लिखित ग्रंथ हैं और मुख्य रूप से मठवासी और रहस्यमय अर्थों में वेदों का विवरण देते हैं। चूंकि सामान्यतः ये वेदों के अंतिम भाग हैं, इसलिए इन्हें वेदांत या 'वेद के अंत' के रूप में भी जाना जाता है। उपनिषदों को मानव जीवन के विषय में 'सत्य' और मानव मुक्ति या मोक्ष की ओर मार्ग दिखलाने वाला कहा जाता है। इनमें मानव जाति के सामने आने वाली अमूर्त और दार्शनिक समस्याओं, विशेष रूप से इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति, मानव जाति की कल्पित उत्पत्ति, जीवन और मृत्यु के चक्र और मनुष्य के भौतिक व आध्यात्मिक अन्वेषण के विषय में बात करना जारी रखा गया है। उपर्युक्त 200 उपनिषदों में से 108 उपनिषदों के समूह को मुक्तिका सिद्धांत कहा जाता है। इसे महत्वपूर्ण सिद्धांत माना जाता है क्योंकि यह 108 संख्या हिंदू माला में मोतियों की संख्या के बराबर है।

65. (c) भगवद् गीता भगवान कृष्ण और पांडव राजकुमार अर्जुन के बीच संवाद है। वह अहिंसा बनाम हिंसा, कर्म बनाम अकर्म की समस्या पर और अंत में धर्म के विषय में प्रकाश डालते हैं। यहां तक कि वे धर्म के विभिन्न प्रकारों के बीच भी अंतर करते हैं और चाहते हैं कि अर्जुन और मानव जाति को निष्काम कर्म यानी निःस्वार्थ रूप से परिवार और विश्व के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। 18 प्रमुख पुराण (महापुराण) हैं और प्रत्येक पुराण किसी विशेष देवता को प्रमुखता देता है और उनसे संबंधित दार्शनिक और धार्मिक अवधारणाओं की व्याख्या करता है। कुछ प्रमुख और प्रसिद्ध पुराण हैं– भागवत, ब्रह्मा, वायु, अग्नि, गरुड़, पद्म, विष्णु और मत्स्य।

66. (d) कालिदास की मालविकाग्निमित्र (मालविका (रानी की दासी) और अग्निमित्र (पुण्यमित्र शुंग का पुत्र) की प्रेमकथा), विक्रमोवर्शीय (विक्रम और उर्वशी की प्रेमकथा), अभिज्ञान शकुंतलम् (शकुंतला की पहचान) है। शूद्रक मृच्छकटिकम् (मिट्टी की छोटी गाड़ी) वेश्या के साथ युवा ब्राह्मण चारूदत्त का प्रेम प्रसंग का वर्णन है। विशाखादत्त की मुद्राराक्षस राजनीतिक नाटक है और भारत में राजा चंद्रगुप्त मौर्य के राज्यारोहण का वर्णन करता है। स्वप्नवासवदत्ता, भास की रचना है।

67. (a) काव्य या कविता प्रकार, शैली, अलंकारों आदि पर अधिक केंद्रित होती है, सबसे महानतम संस्कृत कवियों में से एक कालिदास हैं। उन्होंने कुमारसम्भव (कुमार का जन्म) और रघुवंश (रघुओं का राजवंश) लिखा था। उन्होंने मेघदूत (बादल दूत) और ऋतुसंहार (ऋतुओं का मॉडल) नामक दो छोटी कविताएं भी लिखी थीं।

68. (c) माधव की माधव निदान (रोगविज्ञान पर पुस्तक), वाराहमिहिर की पंच–सिद्धांतिका (ज्योतिष पर पुस्तक) बृहत संहिता (ग्रहीय चाल, भूविज्ञान, वास्तुकला, आदि जैसे व्यापक विषयों पर पुस्तक), सुश्रुत की सुश्रुत संहिता (शल्यक्रिया पर पुस्तक) तथा आर्यभट्ट आर्यभट्टीयम् (खगोल विज्ञान और गणित पर पुस्तक) है। अर्थशास्त्र राजनीति विज्ञान पर आचार्य चाणक्य (विष्णुगुप्त) की पुस्तक है।

69. (b) मिलिंदपन्होः इसमें राजा मिनान्दर (या मिलिंद) और बौद्ध भिक्षु नागसेन के बीच हुआ संवाद सम्मिलित है। इसका शाब्दिक अर्थ 'मिलिंद के प्रश्न' है। यह सर्वोच्च दार्शनिक अनुसंधानों में से एक है।

- महावंशः पाली भाषा में लिखा गया महाकाव्य है। तीसरी–चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में राजा विजय के शासनकाल के दौरान इसे लिखा गया था। इसमें दक्षिण एशिया के विभिन्न राज्यों का ऐतिहासिक विवरण दिया गया है।
- उदानः यह सबसे प्राचीन थेरावाद (पुरातन संप्रदाय) बौद्ध ग्रंथों में से एक है। इसमें 'अंधों और हाथी' की प्रसिद्ध कहानी दी गई है।
- ललितविस्तार सूत्रः इसका अर्थ 'पूर्ण नाटक' है। यह महत्वपूर्ण महायान ग्रंथ है। इसमें सारनाथ में पहले प्रवचन तक बुद्ध के जीवन से जुड़ी विभिन्न कहानियां दी गई हैं।

70. (b) अकबर ने फारसी में रामायण, भगवत गीता और अनेकों उपनिषदों जैसे संस्कृत ग्रंथों के अनेक अनुवादों के लिए आदेश दिया था। एक प्रमुख उदाहरण महाभारत है जिसे फारसी में अनुवाद किए जाने पर रज्मनामा कहा गया। इस अवधि की अत्यधिक सचित्र रचनाओं में से एक को हम्ज़ानामा कहा जाता है। इसमें पौराणिक फारसी नायक आमिर हम्ज़ा की कहानी को दर्शाया गया है। मलिक मुहम्मद जायसी ने भी इस अवधि में अपनी पद्मावत की रचना की थी।

71. (b) मोहनजोद्ड़ो का विशाल स्नानागार आँगन में बना एक आयताकार जलाशय है, जो चारों ओर से एक गलियारे से घिरा हुआ है। जलाशय के तल तक जाने के लिए इसके उत्तरी और दक्षिणी भाग में दो सीढ़ियाँ बनी थीं। जलाशय के किनारों पर ईंटों को जमाकर तथा जिप्सम के गारे के प्रयोग से इसे जलबद्ध किया गया था।

72. (b) हड़प्पा सभ्यता की मुहरों पर किए गए रेखांकन तथा मृण्मूर्तियाँ यह इंगित करती हैं कि वृषभ के विषय में जानकारी थी और इस आधार पर पुरातत्वविद यह मानते हैं कि खेत जोतने के लिए बैलों का प्रयोग होता था। साथ ही चोलिस्तान के कई स्थलों और बनावली (हरियाणा) से मिट्टी से बने हल के प्रतिरूप मिले हैं। इसके अतिरिक्त पुरातत्वविदों को कालीबंगन (राजस्थान) नामक स्थान पर जुते हुए खेत का साक्ष्य मिला है जो आरंभिक हड़प्पा स्तरों से संबद्ध है।

73. (c) हड़प्पा सभ्यता के विभिन्न स्थल और उत्खननकर्ता–

- 1921 – माधो स्वरूप वत्स द्वारा हड़प्पा में उत्खननों का आरंभ
- 1925 – मोहनजोदड़ो में उत्खननों का प्रारंभ
- 1946 – आर.ई.एम. व्हीलर द्वारा हड़प्पा में उत्खनन
- 1955 – एस.आर. राव द्वारा लोथल में खुदाई का आरंभ
- 1960 – बी.बी. लाल तथा बी.के. थापर के नेतृत्व में कालीबंगन में उत्खननों का आरंभ
- 1974 – एम.आर. मुगल द्वारा बहावलपुर में अन्वेषणों का आरंभ
- 1990 – आर.एस. बिष्ट द्वारा धौलावीरा में उत्खननों का आरंभ

74. (a) सहसराम, रुम्मिनदेइ, टोपरा और कौशाम्बी से अशोक के स्तम्भलेख पाए गए हैं जबकि मास्की से लघुशिलालेख और सोपारा से महाशिलालेख प्राप्त हुआ है।

75. (a) उत्तर प्रदेश में मथुरा के पास माट के एक देवस्थान पर कुषाण शासकों की विशालकाय मूर्तियाँ लगाई गई थीं। अफ़गानिस्तान के एक देवस्थान पर भी इसी प्रकार की मूर्तियाँ मिली हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि इन मूर्तियों के जरिए कुषाण स्वयं को देवतुल्य प्रस्तुत करना चाहते थे। कई कुषाण शासकों ने अपने नाम के आगे 'देवपुत्र' की उपाधि भी लगाई थी। संभवतः वे उन चीनी शासकों से प्रेरित हुए होंगे, जो स्वयं को स्वर्गपुत्र कहते थे।

76. (b) आरंभिक तमिल संगम साहित्य में गाँवों में रहने वाले विभिन्न वर्गों के लोगों का उल्लेख है, जैसे कि वेल्लालर या बड़े जमींदार, हलवाहा या उल्वर और दास या अणिमई। यह संभव है कि वर्गों की यह विभिन्नता भूमि के स्वामित्व, श्रम और नयी प्रौद्योगिकी के उपयोग पर आधारित हो।

77. (a) सोने के सिक्के सबसे पहले प्रथम शताब्दी ईसवी में कुषाण राजाओं ने जारी किए थे। इनके आकार और वजन तत्कालीन रोमन सम्राटों तथा ईरान के पार्थियन शासकों द्वारा जारी सिक्कों के बिलकुल समान थे।

78. (a) 1784 बंगाल एशियाटिक सोसाइटी का गठन

- 1810 के दशक में कोलिन मैकेंजी ने संस्कृत और तमिल भाषा के 8,000 अभिलेख एकत्र किए
- 1838 जेम्स प्रिंसेप द्वारा अशोक के ब्राह्मी अभिलेखों का अर्थ लगाना
- 1877 अलेक्जैंडर कनिंघम ने अशोक के अभिलेखों के एक अंश को प्रकाशित किया
- 1886 दक्षिण भारत के अभिलेखों के शोधपत्र एपिग्राफिया कर्नाटिका का प्रथम अंक
- 1888 एपिग्राफिया इंडिका का प्रथम अंक

79. (b) गोत्र एक ब्राह्मणीय पद्धति है, जो लगभग 1000 ई.पू. के बाद से प्रचलन में आई, वह लोगों (खासतौर से ब्राह्मणों) को गोत्रों में वर्गीकृत करने की थी। प्रत्येक गोत्र एक वैदिक ऋषि के नाम पर होता था। उस गोत्र के सदस्य ऋषि के वंशज माने जाते थे। गोत्रों के दो नियम महत्वपूर्ण थेः विवाह के पश्चात स्त्रियों को पिता के स्थान पर पति के गोत्र का माना जाता था तथा एक ही गोत्र के सदस्य आपस में विवाह संबंध नहीं रख सकते थे।

80. (c) ऋग्वेद के पुरुषसूक्त का मंत्र आदि मानव पुरुष की बलि का चित्रण करता है। जगत के सभी तत्व जिनमें चारों वर्ण शामिल हैं, इसी पुरुष के शरीर से उपजे थे। ब्राह्मण उसका मुँह था, उसकी भुजाओं से क्षत्रिय निर्मित हुआ। वैश्य उसकी जंघा थी, उसके पैर से शूद्र की उत्पत्ति हुई।

81. (a) धर्मसूत्रों और धर्मशास्त्रों में चारों वर्गों के लिए आदर्श 'जीविका' से जुड़े कई नियम मिलते हैं। ब्राह्मणों का कार्य अध्ययन, वेदों की शिक्षा, यज्ञ करना और करवाना था तथा उनका काम दान देना और लेना था। क्षत्रियों का कर्म युद्ध करना, लोगों को सुरक्षा प्रदान करना, न्याय करना, वेद पढ़ना, यज्ञ करवाना और दान–दक्षिणा देना था। अंतिम तीन कार्य वैश्यों के लिए भी थे साथ ही उनसे कृषि, गौ–पालन और व्यापार का कर्म भी अपेक्षित था।

82. (c) पाणिनि की अष्टाध्यायी, संस्कृत व्याकरण – लगभग 500 ई.पू.

- प्रमुख धर्मसूत्र (संस्कृत में) – लगभग 500–200 ई.पू.
- आरंभिक बौद्ध ग्रंथ त्रिपिटक सहित (पालि में) – लगभग 500–100 ई.पू.
- रामायण और महाभारत (संस्कृत में) – लगभग 500 ई.पू.–400 ईसवी
- मनुस्मृति (संस्कृत में), तमिल संगम साहित्य की रचना और संकलन – लगभग 200 ई.पू. –200 ईसवी
- चरक और सुश्रुत संहिता, आयुर्वेद के ग्रंथ (संस्कृत में) – लगभग 100 ईसवी
- पुराणों का संकलन (संस्कृत में) – लगभग 200 ईसवी
- भरतमुनि का नाट्यशास्त्र (संस्कृत में) – लगभग 300 ईसवी

83. (d) इब्न बतूता पुस्तकों के स्थान पर, यात्राओं से अर्जित अनुभव को ज्ञान का अधिक महत्वपूर्ण स्रोत मानता था। उसे यात्राएं करने का बहुत शौक था और वह नए–नए देशों और लोगों के विषय में जानने के लिए दूर–दूर के क्षेत्रों तक गया। 1332–33 में भारत के लिए प्रस्थान करने से पहले वह मक्का की तीर्थ यात्राएं और सीरिया, इराक, फारस, यमन, ओमान तथा पूर्वी अफ्रीका के कई तटीय व्यापारिक बंदरगाहों की यात्राएं कर चुका था।

84. (b) सबसे प्रसिद्ध यूरोपीय लेखकों में एक नाम दुआर्ते बरबोसा का है, जिसने दक्षिण भारत में व्यापार और समाज का एक विस्तृत विवरण लिखा। कालान्तर में 1600 ई. के बाद भारत में आने वाले डच, अंग्रेज तथा फ्रांसीसी यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी थी। इनमें एक प्रसिद्ध नाम फ्रांसीसी जौहरी ज्यौं–बैप्टिस्ट टैवर्नियर का था, जिसने कम से कम छह बार भारत की यात्रा की।

85. (c) फ्रांस का रहने वाला फ्रांस्वा बर्नियर एक चिकित्सक, राजनीतिक दार्शनिक तथा एक इतिहासकार था। कई और लोगों की तरह ही वह मुग़ल साम्राज्य में अवसरों की तलाश में आया था। वह 1656 से 1668 तक भारत में बारह वर्ष तक रहा और मुग़ल दरबार से नजदीकी रूप से जुड़ा रहा–पहले सम्राट शाहजहाँ के ज्येष्ठ पुत्र दारा शिकोह के चिकित्सक के रूप में, और बाद में मुग़ल दरबार के एक आर्मीनियाई अमीर दानिशमंद ख़ान के साथ एक बुद्धिजीवी तथा वैज्ञानिक के रूप में।

86. (d) बारहवीं शताब्दी में कर्नाटक में एक नवीन आंदोलन का उद्भव हुआ जिसका नेतृत्व बासवन्ना (1106–68) नामक एक ब्राह्मण ने किया। बासवन्ना प्रारंभ में जैन मत को मानने वाले थे और चालुक्य राजा के दरबार में मंत्री थे। इनके अनुयायी वीरशैव (शिव के वीर) व लिंगायत (लिंग धारण करने वाले) कहलाएं।

87. (b) प्रथम फैक्ट्री एक्ट 1881 में बनाया गया था। यह कानून मुख्यतः बाल श्रम से सम्बंधित था। इसमें कहा गया कि 7 वर्ष से कम उम्र के बच्चे कारखाने में नहीं लगाए जायेंगे और 7 से 12 वर्ष के बच्चों से प्रतिदिन 9 घंटे से अधिक काम नहीं लिया जाएगा। बच्चों को महीने में 4 छुट्टियां भी मिलेंगी। दूसरा इंडियन फैक्ट्री एक्ट 1891 में बनाया गया। इसमें सभी मजदूरों के लिए साप्ताहिक छुट्टी की व्यवस्था थी। स्त्रियों के लिए प्रतिदिन काम के 11 घंटे निश्चित किये गए तथा बच्चों के लिए काम का समय घटाकर 7 घंटे कर दिया गया।

88. (d) 1857 के विद्रोह के दौरान फैली अफ़वाहों को 1820 के दशक से अंग्रेजों द्वारा अपनाई जा रही नीतियों के सन्दर्भ में देखा जा सकता है। गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बैंटिक के नेतृत्व में उसी समय से ब्रिटिश सरकार पश्चिमी शिक्षा, पश्चिमी विचारों तथा पश्चिमी संस्थानों के जरिये भारतीय समाज को सुधारने के लिए खास तरह की नीतियाँ लागू कर रही थी। भारतीय समाज के कुछ तबकों की सहायता से उन्होंने अंग्रेजी माध्यम के स्कूल, कॉलेज और विश्वविध्यालय स्थापित किये थे, जिनमें पश्चिमी विज्ञान और उदार कलाओं के बारे में पढ़ाया जाता था। अंग्रेजों ने सती प्रथा को ख़त्म करने (1829) और हिन्दू विधवा विवाह को वैधता देने के लिए कानून बनाए थे। शासकीय दुर्बलता और दात्तकता को अवैध घोषित कर देने जैसे बहानों के जरिये अंग्रेजों ने न केवल अवध बल्कि झाँसी और सतारा जैसी बहुत सारी दूसरी रियासतों को कब्ज़े में ले लिया था। इन सब कार्रवाइयों का उत्तर भारत के लोगों पर गहरा असर हुआ।

89. (b) 1851 में गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी ने अवध की रियासत के बारे में कहा था कि "ये गिलास फल (Cherry) एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा।" पांच साल बाद, 1856 में इस रियासत को औपचारिक रूप से ब्रिटिश साम्राज्य का अंग घोषित कर दिया गया।

90. (c) कांग्रेस को फांसीवादी आक्रमण का शिकार हुए देशों और लोगों के साथ सहानुभूति थी परन्तु उसने युद्ध प्रयासों में साथ देने और भारत को युद्ध में शामिल करने का विरोध किया। कांग्रेस का कहना था कि 'एक पराधीन राष्ट्र किसी अन्य देश की स्वतंत्रता की रक्षा कैसे कर सकता है'। कांग्रेस ने अंग्रेजों से भारत को तुरंत स्वतन्त्र करने की मांग की ताकि भारत स्वेच्छा से युद्ध प्रयासों में शामिल हो सके।

91. (c) कभी–कभी सूफ़ी शेखों को आडंबरपूर्ण पदवी से संबोधित किया जाता था। उदाहरणतः, शेख निजामुद्दीन औलिया के अनुयायी उन्हें सुल्तान–उल–शेख (अर्थात शेखों में सुल्तान) कह कर संबोधित करते थे। शेख़ फ़रीदुद्दीन को शेख़–अल–इस्लाम कहा जाता था।

92. (b) कबीर की वाणी तीन विशिष्ट किंतु परस्पर व्याप्त परिपाटियों में संकलित है। कबीर बीजक कबीर पंथियों द्वारा वाराणसी तथा उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों पर संरक्षित है। कबीर ग्रंथावली का संबंध राजस्थान के दादू पंथियों से है। इसके अतिरिक्त कबीर के कई पद आदि ग्रंथ साहिब में संकलित हैं। लगभग सभी पांडुलिपि संकलन कबीर की मृत्यु के बहुत बाद में किए गए। उन्नीसवीं शताब्दी में उनके पद संग्रहों को बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे क्षेत्रों में मुद्रांकित किया गया।

93. (d) कॉलिन मैकेन्जी ने एक अभियंता, सर्वेक्षक, तथा मानचित्रकार के रूप में प्रसिद्धि हासिल की। 1815 में उन्हें भारत का पहला सर्वेयर जनरल बनाया गया और 1821 में अपनी मृत्यु तक वे इस पद पर बने रहे। भारत के अतीत को बेहतर ढंग से समझने और उपनिवेश के प्रशासन को आसान बनाने के लिए उन्होंने इतिहास से संबंधित स्थानीय परंपराओं का संकलन तथा ऐतिहासिक स्थलों का सर्वेक्षण करना आरंभ किया।

94. (a) गजपति का शाब्दिक अर्थ हाथियों का स्वामी होता है। पंद्रहवीं शताब्दी में उड़ीसा के एक शक्तिशाली शासक वंश का यही नाम था। विजयनगर की लोक प्रचलित परंपराओं में दक्कन के सुल्तानों को अश्वपति या घोड़ों के स्वामी तथा रायों को नरपति या लोगों के स्वामी की संज्ञा दी गई है।

95. (c) विजयनगर के लिए मध्य एशिया से घोड़ों का आयात बहुत महत्वपूर्ण था। यह व्यापार आरंभिक चरणों में अरब व्यापरियों द्वारा नियंत्रित था। व्यापारियों के स्थानीय समूह, जिन्हें कुदिरई चेट्टी अथवा घोड़ों के व्यापारी कहा जाता था, भी इन विनिमयों में भाग लेते थे। 1498 ई. से कुछ और लोग पटल पर उभर कर आए। ये पुर्तगाली थे जो उपमहाद्वीप के पश्चिमी तट पर आए और व्यापारिक तथा सामरिक केंद्र स्थापित करने का प्रयास करने लगे।

96. (b) विजयनगर की राजनीति में सत्ता के दावेदारों में शासकीय वंश के सदस्य तथा सैनिक कमांडर शामिल थे। पहले राजवंश, जो संगम वंश कहलाता था, ने 1485 तक नियंत्रण रखा। उन्हें सुलुवों ने उखाड़ फेंका, जो सैनिक कमांडर थे और वे 1503 तक सत्ता में रहे। इसके बाद तुलुवों ने उनका स्थान लिया। कृष्णदेव राय तुलुव वंश से ही संबद्ध था।

97. (b) कृष्णदेव राय के शासन की चारित्रिक विशेषता विस्तार और दृढ़ीकरण था। इसी काल में तुंगभद्रा और कृष्णा नदियों के बीच का क्षेत्र (रायचूर दोआब) हासिल किया गया (1512), उड़ीसा के शासकों का दमन किया गया (1514) तथा बीजापुर के सुल्तान को बुरी तरह पराजित किया गया था (1520)। हालाँकि राज्य हमेशा सामरिक रूप से तैयार रहता था, लेकिन फिर भी यह अतुलनीय शांति और समृद्धि की स्थितियों में फला–फूला। कुछ बेहतरीन मंदिरों के निर्माण तथा कई महत्वपूर्ण दक्षिण भारतीय मंदिरों में भव्य गोपुरमों को जोड़ने का श्रेय कृष्णदेव को ही जाता है।

98. (c) अमर–नायक प्रणाली विजयनगर साम्राज्य की एक प्रमुख राजनीतिक खोज थी। ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रणाली के कई तत्त्व दिल्ली सल्तनत की इक्ता प्रणाली से लिए गए थे। अमर–नायक सैनिक कमांडर थे जिन्हें राय द्वारा प्रशासन के लिए राज्य–क्षेत्र दिये जाते थे। वे किसानों, शिल्पकर्मियों तथा व्यापारियों से भू राजस्व तथा अन्य कर वसूल करते थे। वे राजस्व का कुछ भाग व्यक्तिगत उपयोग तथा घोड़ों और हाथियों के निर्धारित दल के रख–रखाव के लिए अपने पास रख लेते थे। ये दल विजयनगर शासकों को एक प्रभावी सैनिक शक्ति प्रदान करने में सहायक होते थे जिसकी मदद से उन्होंने पूरे दक्षिणी प्रायद्वीप को अपने नियंत्रण में किया।

99. (a) विजयनगर के राजाओं तथा उनके नायकों के बड़ी संख्या में अभिलेख मिले हैं जिनमें मन्दिरों को दिए जानेवाले दानों का उल्लेख तथा महत्त्वपूर्ण घटनाओं का विवरण है। कई यात्रियों ने शहर की यात्रा की और इसके बारे में लिखा। इनमें सबसे उल्लेखनीय वृत्तांत निकोलो द कोंटी नामक इतालवी व्यापारी, अब्दुर रज्जाक नामक फ़ारस के राजा का दूत, अफ़ानासी निकितिन नामक रूस का एक व्यापारी, जिन सभी ने पंद्रहवीं शताब्दी में शहर की यात्रा की थी, और दुआर्ते बरबोसा, डोमिंगो पायस तथा पुर्तगाल का फर्नावो नूनिज, जो सभी सोलहवीं शताब्दी में आए थे।

https://t.me/pcsstudiest

100. (d) मुगल काल के भारतीय–फ़ारसी स्रोत किसान के लिए आमतौर पर रैयत (बहुवचन, रिआया) या मुजरियान शब्द का इस्तेमाल करते थे। साथ ही, हमें किसान या आसामी जैसे शब्द भी मिलते हैं।

101. (a) तम्बाकू का पौधा सबसे पहले दक्कन पहुँचा और वहाँ से सत्रहवीं सदी के शुरुआती वर्षों में इसे उत्तर भारत लाया गया। आइन उत्तर भारत की फ़सलों की सूची में तम्बाकू का जिक्र नहीं करती है। अकबर और उसके अभिजातों ने 1604 ई. में पहली बार तम्बाकू देखा। ऐसा लगता है कि इसी समय तम्बाकू का धूम्रपान (हुक्के या चिलम में) करने की लत ने जोर पकड़ा। जहाँगीर इस बुरी आदत के फैलने से इतना चिंतित हुआ कि उसने इस पर पाबंदी लगा दी।

102. (d) मध्यकालीन भारत में खेती सिर्फ गुजारा करने के लिए नहीं की जाती थी। स्रोतों में हमें अकसर जिन्स–ए–कामिल (सर्वोत्तम फ़सलें) जैसे लफ्ज मिलते हैं। मुग़ल राज्य भी किसानों को ऐसी फ़सलों की खेती करने के लिए बढ़ावा देता था क्योंकि इनसे राज्य को ज्यादा कर मिलता था। कपास और गन्ने जैसी फ़सलें बेहतरीन जिन्स–ए–कामिल थीं। मध्य भारत और दक्कनी पठार में फैले हुए जमीन के बड़े–बड़े टुकड़ों पर कपास उगाई जाती थी, जबकि बंगाल अपनी चीनी के लिए मशहूर था। तिलहन (जैसे सरसों) और दलहन भी नकदी फ़सलों में आती थीं।

103. (a) मध्यकालीन भारत में पंचायत का सरदार एक मुखिया होता था जिसे मुकद्दम या मंडल कहते थे। कुछ स्रोतों से ऐसा लगता है कि मुखिया का चुनाव गाँव के बुजुर्गों की आम सहमति से होता था और इस चुनाव के बाद उन्हें इसकी मंजूरी जमींदार से लेनी पड़ती थी। मुखिया अपने ओहदे पर तभी तक बना रहता था जब तक गाँव के बुजुर्गों को उस पर भरोसा था। ऐसा नहीं होने पर बुजुर्ग उसे बर्ख़ास्त कर सकते थे। गाँव के आमदनी व खर्चे का हिसाब–किताब अपनी निगरानी में बनवाना मुखिया का मुख्य काम था और इसमें पंचायत का पटवारी उसकी मदद करता था।

104. (a) मध्यकालीन भारत में भूमिहर भद्रजनों में महिलाओं को पुश्तैनी संपत्ति का हक़ मिला हुआ था। पंजाब से ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहाँ महिलाएँ (विधवा महिलाएँ भी) पुश्तैनी संपत्ति के विक्रेता के रूप में ग्रामीण जमीन के बाजार में सक्रिय हिस्सेदारी रखती थीं। हिंदू और मुसलमान महिलाओं को जमींदारी उत्तराधिकार में मिलती थी जिसे बेचने अथवा गिरवी रखने के लिए वे स्वतंत्र थीं। बंगाल में भी महिला जमींदार पाई जाती थीं। अठारहवीं सदी की सबसे बड़ी और मशहूर जमींदारियों में से एक थी राजशाही की जमींदारी जिसकी कर्ता–धर्ता एक स्त्री थी।

105. (c) जमींदारों की समृद्धि की वजह थी उनकी विस्तृत व्यक्तिगत जमीन। इन्हें मिल्कियत कहते थे, यानी संपत्ति। मिल्कियत जमीन पर जमींदार के निजी इस्तेमाल के लिए खेती होती थी। अकसर इन जमीनों पर दिहाड़ी के मजदूर या पराधीन मजदूर काम करते थे। जमींदार अपनी मर्जी के मुताबिक इन जमींनों को बेच सकते थे, किसी और के नाम कर सकते थे या उन्हें गिरवी रख सकते थे।

106. (b) मुग़ल भू–राजस्व के इंतजामात में दो चरण थेः पहला, कर निर्धारण और दूसरा, वास्तविक वसूली। जमा निर्धारित रक़म थी और हासिल वास्तविक वसूली गई रक़म। अमील–गुजार या राजस्व वसूली करने वाले के कामों की सूची में अकबर ने यह हुक्म दिया कि जहाँ उसे (अमील–गुजार को) कोशिश करनी चाहिए कि खेतिहर नक़द भुगतान करे, वहीं फ़सलों में भुगतान का विकल्प भी खुला रहे।

107. (a) अकबर के दरबार के सबसे अच्छे सुलेखकों में से एक काश्मीर के मुहम्मद हुसैन (लगभग 1575–1605) को इसके अक्षरों के विशुद्ध समानुपातिक घुमाव की कदरदानी में 'जरीन कलम' (सोने की कलम) के खिताब से नवाजा गया।

108. (c) जहाँआरा ने शाहजहाँ की नयी राजधानी शाहजहाँनाबाद (दिल्ली) की कई वास्तुकलात्मक परियोजनाओं में हिस्सा लिया। इनमें से आँगन व बाग के साथ एक दो मंजिली भव्य कारवाँ सराय थी। शाहजहाँनाबाद के हृदय स्थल चाँदनी चौक की रूपरेखा जहाँआरा द्वारा बनाई गई थी।

109. (b) इल्तुतमिश ने शासन में सहायता करने के लिए तथा अमीर वर्ग को नियंत्रित करने के लिए अपने विश्वासपात्र गुलामों को प्रशासन में उच्च पदों पर नियुक्त किया। आगे चलकर यही तुर्क–ए–चाहलगामी के नाम से प्रसिद्ध हुए।

110. (b) इल्तुतमिश पहला तुर्क सुल्तान था जिसने चांदी का "टका" और तांबे का "जीतल" सिक्का चलवाया था। सिक्कों पर टकसाल का नाम भी लिखा जाता था। उसने खुद को "खलीफा का प्रतिनिधि" बताया था। ग्वालियर की जीत के बाद उसने सिक्को में खुद को "शक्तिशाली सुलतान" के रूप में लिखवाया था।

111. (b) 1178 ई., में मुहम्मद गोरी ने गुजरात पर आक्रमण किया, उस समय वहां बघेल वंशीय शासक भीम द्वितीय (मूलराज II) का शासन था। आबू पर्वत की तलहटी में इसने गोरी को पराजित कर दिया। यह गोरी की भारत में प्रथम पराजय थी।

112. (b) राजत्व की गरिमा का सिद्धांत प्रतिपादित करने वाला प्रथम शासक बलबन था। उसने दरबारियों से कहा था कि राजत्व एक दैवी संस्था है। उसने अपने पुत्रों से राजत्व के संबंध में कहा कि 'राजा का हृदय' ईश्वर की कीर्ति को प्रतिबिंबित करता है। बलबन ने अपने को फिरदौसी के शाहनामा में वर्णित अफरासियाब वंशज तथा शासन को ईरानी आदर्श के रूप मे सुव्यवस्थित किया।

113. (d) सल्तनत काल में सर्वप्रथम अलाउद्दीन खिलजी ने एक स्थायी सेना संगठित की। उसने केंद्र में एक विशाल सेना रखी जिसमें पैदल सैनिकों के अतिरिक्त 475000 घुड़सवार थे। खिलजी काल में मंगोलों में प्रचलित सैन्य वर्गीकरण पद विषयक शब्द जैसे अमीरान–ए–सदा, अमीरान–ए–हजारा एवं अमीरान–ए तुमन के उदाहरण मिलते हैं।

114. (d) वस्तुतः दिल्ली सल्तनत को मुख्य रूप से मंगोल आक्रांताओं का भय था, जिन्होंने समय–समय पर दिल्ली पर आक्रमण किए और इनके आक्रमण का सल्तनत की आंतरिक व वाह्य नीति पर गंभीर प्रभाव पड़ा।

115. (a) कलीमुल्लाशाह बहमनी राज्य का अंतिम सुल्तान था। 1527 ई. में उसकी मृत्यु के साथ ही बहमनी राज्य का भी अंत हो गया और उसके भग्नावशेषों पर पांच राज्य उठ खड़े हुए– (1) बीजापुर का आदिलशाही राज्य, (2) अहमदनगर का निजामशाही राज्य, (3) बरार का इमादशाही राज्य, (4) गोलकुंडा का कुतुबशाही राज्य और (5) बीदर का बरीदशाही राज्य।

116. (b) कांग्रेस के प्रारम्भिक उदारवादी नेताओं द्वारा आग्रहों, आवेदनों और प्रार्थनाओं द्वारा क्रमिक सुधारों के लिए किये गए प्रयत्न के परिणामस्वरूप ही सरकार ने पुरानी व्यवस्था में सुधार करके नया 'भारतीय विधान परिषद विधेयक, 1892' पास किया। इसमें गैर–सरकारी सदस्यों की संख्या बढ़ाने, सदस्यों को बजट पर बोलने आदि अधिकारों की व्यवस्था थी, परन्तु वोट देने का अधिकार नहीं था।

117. (a) चन्द्रगुप्त का शासन काल 319–350 ई., समुन्द्रगुप्त का शासनकाल 350–375 ई., कुमारगुप्त का शासनकाल लगभग 415–455 ई. तथा स्कन्दगुप्त का शासनकाल लगभग 455–467 ई. तक था।

118. (a) स्कन्दगुप्त के शासन काल में हूणों का आक्रमण प्रारंभ हो गया। संस्कृत ग्रंथों में हूणों को म्लेक्ष के नाम से भी संबोधित किया गया है। स्कंदगुप्त हूणों के आक्रमण को छिन्न–भिन्न करने में सफल हुआ। रुद्रदामन के जूनागढ़ अभिलेख में रुद्रदामन की उपलब्धियों के अलावा स्कंदगुप्त की हूणों के विरुद्ध सफलता का भी उल्लेख मिलता है। प्रयाग प्रशस्ति से हमें समुद्रगुप्त की भारतीय राज्यों के विरुद्ध सफलता का पता चलता है।

119. (d) नारद और बृहस्पति ने यह स्पष्ट किया है कि दास केवल अपवित्र कार्य में लगाये जाते थे। गुप्तकाल में इस बात का कोई प्रमाण नही मिलता कि किसी दास को किसी अन्य उत्पादन कार्य में लगाया गया हो। हालाँकि मौर्यकाल और उससे पूर्व काल में इसके प्रमाण मिलते हैं। अतः यह स्पष्ट है कि गुप्तकाल में दासों की अवस्था पूर्वकाल से अधिक दयनीय थी। गुप्तकाल में दासमुक्ति अनुष्ठान का विधान सर्वप्रथम नारद ने किया है।

120. (a) चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासन काल में उपरिक प्रान्त का राज्यपाल, बलाधिकृत सेना का सर्वोच्च अधिकारी तथा भटश्वापति अश्वसेना का नायक होता था। इसी प्रकार महाप्रतिहार – मुख्य दौवारिक, दण्डपशिक – पुलिस विभाग का प्रधान अधिकारी, महादण्डनायक – मुख्य न्यायाधीश आदि अधिकारी होते थे।

121. (c) 1905 में बंगाल विभाजन की घोषणा से सम्पूर्ण देश में चारों ओर विरोध स्वरूप अनेक बैठकें आयोजित की गई। यद्यपि तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन का प्रमुख कारण प्रशासनिक असुविधा बताया परन्तु वास्तव में इसका प्रमुख कारण राजनति से प्रेरित था। चूंकि उस समय बंगाल भारतीय राष्ट्रीय चेतना का केन्द्र बिन्दु था तथा बंगालियों में प्रबल राजनीतिक जागृति थी जिसे दबाने के लिए कर्जन ने बंगाल का विभाजन कर उसे क्रमशः हिन्दू और मुस्लिम बहुलता वाले दो भागों में बांटने और उन्हें आपस में लड़ाने की नीति अपनाई। बंग–भंग की घटना ने न केवल बंगाल में बल्कि सम्पूर्ण देश में विद्रोह की स्थिति उत्पन्न कर दी। जगह–जगह आम सभाएं होने लगी तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार होने लगा। 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता में 'टाउन हाल' में स्वदेशी आंदोलन की घोषणा की गई, जिसमें ऐतिहासिक बहिष्कार प्रस्ताव पारित किया गया।

122. (a) 1882–83 में हंटर कमीशन ने प्राथमिक शिक्षा के विकास के लिए प्राथमिकता की सिफारिश की। इसके अलावा, आयोग ने हाई स्कूलों के दो प्रकार (साहित्यिक और वाणिज्यिक) खोलने का भी सुझाव दिया। इससे पहले सरकार ने केवल कॉलेज और विश्वविद्यालय की शिक्षा पर ध्यान दिया था, लेकिन अब सरकार ने प्राथमिक शिक्षा पर भी अपना ध्यान केंद्रित किया। जिन कॉलेजों का अब तक निजी प्रबंधन होता था, उन्हें सरकारी अनुदान दिया जाने लगा। महिला शिक्षा के प्रति भी ध्यान आकर्षित किया गया।

123. (c) भारत सरकार अधिनियम 1919 के तहत, विषयों को दो सूचियों में विभाजित किया गया था: 'आरक्षित' जिसमें कानून और व्यवस्था, वित्त, भूमि राजस्व, सिंचाई इत्यादि जैसे विषय शामिल थे, और शिक्षा, स्वास्थ्य, स्थानीय सरकार जैसे 'हस्तांतरित' विषय शामिल थे। उद्योग, कृषि, उत्पाद शुल्क आदि। आरक्षित विषयों को राज्यपाल द्वारा अपने नौकरशाहों की कार्यकारी परिषद के माध्यम से प्रशासित किया जाना था, और हस्तांतरित विषयों को विधान परिषद के निर्वाचित सदस्यों में से नामित मंत्रियों द्वारा प्रशासित किया जाना था।

- विकल्प 1 सही है: भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत कानून और व्यवस्था एक आरक्षित विषय था।
- विकल्प 2 गलत है: स्थानीय सरकार भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत एक हस्तांतरित विषय था।
- विकल्प 3 सही है: भू–राजस्व भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत एक आरक्षित विषय था।
- विकल्प 4 सही है: भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत पुलिस एक आरक्षित विषय था।

124. (d) संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में भारतीय क्रांतिकारियों ने 1913 में गदर (विद्रोह) पार्टी की स्थापना की थी। जबकि पार्टी के अधिकांश सदस्य सिख किसान और सैनिक थे, उनके नेता ज्यादातर शिक्षित हिंदू या मुस्लिम थे।

- कुछ प्रमुख गदर नेता थेः बाबा गुरमुख सिंह, करतार सिंह सराबा, सोहन सिंह भाखना, रहमत अली शाह, भाई परमानंद और मोहम्मद बरकतुल्लाह। अन्य क्रांतिकारी भारत और विदेशों में सक्रिय थे।
- 1915 में, एक असफल क्रांतिकारी प्रयास के दौरान, जतिन मुखर्जी, जिन्हें 'बाघा जतिन' के नाम से जाना जाता था, ने बालासोर में पुलिस के साथ लड़ाई लड़ते हुए अपनी जान दे दी। रास बिहारी बोस, राजा महेंद्र प्रताप, लाला हरदयाल, अब्दुल रहीम, मौलाना ओबैदुल्ला सिंधी, चंपक रमन पिल्लई, सरदार सिंह राणा और मैडम कामा कुछ प्रमुख भारतीय गदर नेता थे जिन्होंने भारत के बाहर क्रांतिकारी गतिविधियाँ और प्रचार किया।

125. (b) मार्च 1942 में, स्टैफ़ोर्ड क्रिप्स की अध्यक्षता में एक मिशन को युद्ध के लिए भारतीय समर्थन प्राप्त करने के लिए संवैधानिक प्रस्तावों के साथ भारत भेजा गया था।

क्रिप्स मिशन के मुख्य प्रस्ताव इस प्रकार थेः

- प्रभुत्व स्थिति वाले एक भारतीय संघ की स्थापना की जाएगी; यह राष्ट्रमंडल के साथ अपने संबंधों पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा और संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय निकायों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र होगा।
- युद्ध की समाप्ति के बाद, एक नया संविधान बनाने के लिए एक संविधान सभा बुलाई जाएगी। इस सभा के सदस्यों को आंशिक रूप से प्रांतीय विधानसभाओं द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से चुना जाएगा और आंशिक रूप से राजकुमारों द्वारा नामित किया जाएगा। (इसलिए, कथन 1 गलत है)
- ब्रिटिश सरकार नए संविधान को दो शर्तों के अधीन स्वीकार करेगीः (i) कोई भी प्रांत जो संघ

https://t.me/pcsstudies1

में शामिल होने का इच्छुक नहीं है, वह एक अलग संविधान बना सकता है और एक अलग संघ बना सकता है, और (ii) नया संविधान बनाने वाली संस्था और ब्रिटिश सरकार सत्ता के हस्तांतरण को प्रभावित करने और नस्लीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए एक संधि पर बातचीत करें। (अतः, कथन 2 सही है)।

- इस बीच, भारत की रक्षा ब्रिटिश हाथों में रहेगी और गवर्नर–जनरल की शक्तियाँ बरकरार रहेंगी।

126. (b) कथन 1 गलत है। 1919 के मोंटेग्यु चेम्सफोर्ड सुधारों ने 21 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार देने की सिफारिश नहीं की। हालांकि इसने संपत्ति, कर या शिक्षा के आधार पर सीमित संख्या में महिलाओं को मतदान का अधिकार देने की सिफारिश की।

- कथन 2 गलत है. भारत सरकार अधिनियम 1935 ने महिलाओं को एक अलग निर्वाचन क्षेत्र दिया (और विधायिका में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित नहीं कीं)। इसने दलित वर्गों और श्रमिकों को भी अलग निर्वाचिका प्रदान की।

127. (a) कथन (a) सही है। भारत छोड़ो प्रस्ताव अगस्त, 1942 में बॉम्बे में गोवालिया टैंक में AICC (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) द्वारा अपनाया गया था।

- कथन (b) ग़लत है। भारत सरकार अधिनियम 1919 द्वारा वायसराय की कार्यकारी परिषद में अधिक भारतीयों को जोड़ा गया। पहली बार, भारत सरकार अधिनियम 1909 द्वारा इस परिषद में एक भारतीय को जोड़ा गया।
- कथन (c) ग़लत है। कांग्रेस ने 1939 में 7 प्रांतों में मंत्रिमंडलों से इस्तीफा दे दिया क्योंकि उन्होंने युद्ध का समर्थन नहीं करने का फैसला किया क्योंकि भारत लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के लिए युद्ध में भाग नहीं ले सकता था जबकि भारत को स्वतंत्रता से वंचित किया जा रहा था।
- कथन (d) ग़लत है। हां, क्रिप्स ने भारत को डोमिनियन स्टेटस का प्रस्ताव दिया था, लेकिन इसका 8 अगस्त 1942 से कोई संबंध नहीं था।

128. (b) गांधी–इरविन समझौते पर 5 मार्च 1931 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाले महात्मा गांधी और भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन के बीच हस्ताक्षर किए गए थे। संधि के प्रावधान निम्नलिखित थेः

- गोलमेज़ सम्मेलन में भाग लेने के लिए कांग्रेस को निमंत्रण।
- सविनय अवज्ञा आंदोलन के संबंध में प्रख्यापित अध्यादेशों को वापस लेना।
- पुलिस ज्यादतियों की जांच के लिए गांधी के सुझाव को अस्वीकार करना।
- उन कैदियों की रिहाई जिन पर हिंसा का आरोप नहीं था।
- अतः, विकल्प 1, 2 और 4 सही हैं।

129. (d) प्रेम कुमार सहगल, शाह नवाज खान और गुरुबख्श सिंह ढिल्लों आजाद हिंद फौज के अधिकारी थे, जिन पर 1945 में दिल्ली के लाल किले में मुकदमा चलाया गया था। यह आईएनए युद्धबंदियों का पहला परीक्षण था।

130. (b) महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में गिरमिटिया मजदूरी को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत को डोमिनियन स्टेटस और बाद में ब्रिटिश शासन से पूर्ण स्वतंत्रता की वकालत की।

**मुख्य बिंदुः**

- दक्षिण अफ्रीका में गिरमिटिया मज़दूरी की प्रथा को ख़त्म करने में गाँधी जी की महत्वपूर्ण भूमिका थी।
- लॉर्ड चेम्सफोर्ड ने विश्वास हासिल करने के लिए गांधी को दिल्ली में एक युद्ध सम्मेलन में आमंत्रित किया, और हालांकि गांधी भर्ती को प्रोत्साहित करने के लिए सहमत हुए, लेकिन उन्होंने किसी को भी नुकसान पहुंचाने से व्यक्तिगत इनकार व्यक्त किया।
- गांधीजी ने 1928 की कलकत्ता कांग्रेस में भारत के लिए डोमिनियन स्टेटस की मांग की या पूर्ण स्वतंत्रता के लिए क्रांति की धमकी दी।
- नमक कानून तोड़ने वालों से निपटने के दौरान पुलिस ने क्रूर तरीकों का इस्तेमाल किया।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक निश्चित बिंदु पर अवैध घोषित कर दिया गया था।

131. (a) ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के साथ व्यापार पर अपना एकाधिकार खो दिया लेकिन चीन और चाय के साथ व्यापार पर नियंत्रण बरकरार रखा। कंपनी को क्राउन की संप्रभुता के तहत 1853 तक क्षेत्रीय कब्ज़ा रखने की अनुमति दी गई थी। 1813 के चार्टर अधिनियम ने कंपनी को ब्रिटिश क्राउन के अधिक नियंत्रण में ला दिया, लेकिन इसने 1853 तक प्रशासन और भारतीय राजस्व पर नियंत्रण बनाए रखा।

**मुख्य बिंदुः**

- ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के साथ व्यापार पर अपना एकाधिकार खो दिया लेकिन चीन और चाय के साथ व्यापार पर नियंत्रण बरकरार रखा।
- कंपनी को 1853 तक क्षेत्रीय कब्ज़ा रखने की अनुमति दी गई थी।
- ताज की संप्रभुता सुरक्षित रखी गई।
- 1813 के चार्टर अधिनियम ने कंपनी को ब्रिटिश क्राउन के अधिक नियंत्रण में ला दिया।

- कंपनी ने 1853 तक प्रशासन और भारतीय राजस्व पर नियंत्रण बनाए रखा।
- 1853 से ब्रिटिश संसद ने भारत के राजस्व को नियंत्रित किया।
- कथन 1 और 2 सही हैं, लेकिन कथन 3 ग़लत है।

132. (d) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के संदर्भ में सही सुमेलित जोड़े इस प्रकार हैं:
- सर तेज बहादुर सप्रू: अध्यक्ष, ऑल इंडिया लिबरल फेडरेशन।
- के.सी. नियोगी: सदस्य, संविधान सभा।
- पी. सी. जोशी: महासचिव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी।

133. (d)
1. अखिल भारतीय अस्पृश्यता विरोधी लीग – महात्मा गांधी
2. अखिल भारतीय किसान सभा – स्वामी सहजानन्द सरस्वती
3. स्वाभिमान आंदोलन – ई. वी. रामास्वामी नायकर

134. (b) युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है: एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना विलियम जोन्स ने 1784 में कलकत्ता में की थी।
- युग्म 2 गलत सुमेलित है: वाराणसी में संस्कृत कॉलेज की स्थापना जोनाथन डंकन ने हिंदू कानून और दर्शन (1791) के अध्ययन के लिए की थी।
- युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है: फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना 1800 में लॉर्ड रिचर्ड वेलेजली द्वारा कलकत्ता में की गई थी।

135. (c) स्पष्ट रूप से, विजेता का फैसला करने के लिए एक (यानी विजेता) को छोड़कर प्रत्येक सदस्य को एक गेम हारना होगा।
इस प्रकार, खेले जाने वाले मैचों की न्यूनतम संख्या = 30 − 1 = 29

136. (d) HCF 23 है।
तो अन्य दो संख्याएँ होंगी,
(23*13) और (23*14)
अतः बड़ी संख्या = 23 * 14 = 322

137. (b) अन्य सभी क्षेत्रों को घेरते हैं।

138. (c) एक कुर्सी की औसत लागत = x रु.
तब
$\Rightarrow x \times 12 + 6 \times 750 = 7800$
$\Rightarrow 12x = 7800 - 4500 = 3300$
$\Rightarrow x = 3300/12$
= 275 रु.

139. (c) इस धनराशि पर एक वर्ष में साधारण ब्याज के रूप में 365 रुपये प्राप्त होंगे।
एस.आई. = PRT / 100
365 = (P×5×1) / 100
P = (365×100) / 5 = 7300 रुपये

140. (d) दाएं छोर से शुरू करते हुए, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके बाएं और दाएं अक्षरों से कोडित किया गया है।
जैसे:
Y ⇒ XZ
K ⇒ JL
N ⇒ MO
I ⇒ HJ
P ⇒ OQ

GS World Committed to Excellence https://t.me/pcsstudies1

भावेश फोटोस्टेट
COURIER FACILITY ALL OVER INDIA
9877045985 9643124414

**Name Of The Candidate (As It Appears In Your 10th Standard Certificate)**

**ROLL NUMBER**

**DATE**

**Exam**

## INSTRUCTIONS FOR FILLING THE SHEET

1. This sheet should not be folded or crushed.
2. Use only blue/black ball point pen to fill the circles.
3. Use of pencils is strictly prohibited.
4. Circles should be darkened completely and properly.
5. Cutting and erasing on this sheet is not allowed.
6. Do not use any stray marks on the sheet.
7. Do not use marker or white fluid to hide the mark.

**गोलों को कैसे भरें / How To Fill Circle**

| Wrong Method | Correct Method |
|---|---|
| A B C D | A B ● D |

https://t.me/pcsstudies1

| Q | | | | | Q | | | | | Q | | | | | Q | | | | | Q | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | B | C | D | 31 | A | B | C | D | 61 | A | B | C | D | 91 | A | B | C | D | 121 | A | B | C | D |
| 2 | A | B | C | D | 32 | A | B | C | D | 62 | A | B | C | D | 92 | A | B | C | D | 122 | A | B | C | D |
| 3 | A | B | C | D | 33 | A | B | C | D | 63 | A | B | C | D | 93 | A | B | C | D | 123 | A | B | C | D |
| 4 | A | B | C | D | 34 | A | B | C | D | 64 | A | B | C | D | 94 | A | B | C | D | 124 | A | B | C | D |
| 5 | A | B | C | D | 35 | A | B | C | D | 65 | A | B | C | D | 95 | A | B | C | D | 125 | A | B | C | D |
| 6 | A | B | C | D | 36 | A | B | C | D | 66 | A | B | C | D | 96 | A | B | C | D | 126 | A | B | C | D |
| 7 | A | B | C | D | 37 | A | B | C | D | 67 | A | B | C | D | 97 | A | B | C | D | 127 | A | B | C | D |
| 8 | A | B | C | D | 38 | A | B | C | D | 68 | A | B | C | D | 98 | A | B | C | D | 128 | A | B | C | D |
| 9 | A | B | C | D | 39 | A | B | C | D | 69 | A | B | C | D | 99 | A | B | C | D | 129 | A | B | C | D |
| 10 | A | B | C | D | 40 | A | B | C | D | 70 | A | B | C | D | 100 | A | B | C | D | 130 | A | B | C | D |
| 11 | A | B | C | D | 41 | A | B | C | D | 71 | A | B | C | D | 101 | A | B | C | D | 131 | A | B | C | D |
| 12 | A | B | C | D | 42 | A | B | C | D | 72 | A | B | C | D | 102 | A | B | C | D | 132 | A | B | C | D |
| 13 | A | B | C | D | 43 | A | B | C | D | 73 | A | B | C | D | 103 | A | B | C | D | 133 | A | B | C | D |
| 14 | A | B | C | D | 44 | A | B | C | D | 74 | A | B | C | D | 104 | A | B | C | D | 134 | A | B | C | D |
| 15 | A | B | C | D | 45 | A | B | C | D | 75 | A | B | C | D | 105 | A | B | C | D | 135 | A | B | C | D |
| 16 | A | B | C | D | 46 | A | B | C | D | 76 | A | B | C | D | 106 | A | B | C | D | 136 | A | B | C | D |
| 17 | A | B | C | D | 47 | A | B | C | D | 77 | A | B | C | D | 107 | A | B | C | D | 137 | A | B | C | D |
| 18 | A | B | C | D | 48 | A | B | C | D | 78 | A | B | C | D | 108 | A | B | C | D | 138 | A | B | C | D |
| 19 | A | B | C | D | 49 | A | B | C | D | 79 | A | B | C | D | 109 | A | B | C | D | 139 | A | B | C | D |
| 20 | A | B | C | D | 50 | A | B | C | D | 80 | A | B | C | D | 110 | A | B | C | D | 140 | A | B | C | D |
| 21 | A | B | C | D | 51 | A | B | C | D | 81 | A | B | C | D | 111 | A | B | C | D | 141 | A | B | C | D |
| 22 | A | B | C | D | 52 | A | B | C | D | 82 | A | B | C | D | 112 | A | B | C | D | 142 | A | B | C | D |
| 23 | A | B | C | D | 53 | A | B | C | D | 83 | A | B | C | D | 113 | A | B | C | D | 143 | A | B | C | D |
| 24 | A | B | C | D | 54 | A | B | C | D | 84 | A | B | C | D | 114 | A | B | C | D | 144 | A | B | C | D |
| 25 | A | B | C | D | 55 | A | B | C | D | 85 | A | B | C | D | 115 | A | B | C | D | 145 | A | B | C | D |
| 26 | A | B | C | D | 56 | A | B | C | D | 86 | A | B | C | D | 116 | A | B | C | D | 146 | A | B | C | D |
| 27 | A | B | C | D | 57 | A | B | C | D | 87 | A | B | C | D | 117 | A | B | C | D | 147 | A | B | C | D |
| 28 | A | B | C | D | 58 | A | B | C | D | 88 | A | B | C | D | 118 | A | B | C | D | 148 | A | B | C | D |
| 29 | A | B | C | D | 59 | A | B | C | D | 89 | A | B | C | D | 119 | A | B | C | D | 149 | A | B | C | D |
| 30 | A | B | C | D | 60 | A | B | C | D | 90 | A | B | C | D | 120 | A | B | C | D | 150 | A | B | C | D |

**Student's Signature**

**Invigilator's Signature**